

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को नई दिल्ली में इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो के साथ 8वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता की।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 159 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group







## फास्ट न्यूज

### बंगाल में टीएमसी नेताओं पर फूटा लोगों का गुस्सा

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। बीजेपी ने पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा वीडियो हावड़ा का है। इसमें कट मनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली। ये वीडियो बीजेपी के स्थानीय नेताओं ने भी पर शेयर किए हैं।

### ट्रंप ने कहा- शांति समझौते से पहले नहीं हटेंगे ईरान पर प्रतिबंध

**न्यू जर्सी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि ईरान के साथ किसी भी संभावित शांति समझौते से पहले अमेरिका न तो तेहरान की फ्रीज की हुई संपत्ति जारी करेगा और न ही उस पर लगाए गए प्रतिबंधों में कोई राहत देगा। उन्होंने कहा कि किसी समझौते के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद ही ऐसे कदमों पर विचार किया जा सकता है। एक टेलीविजन साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान सकारात्मक रवैया अपनाता है और समझौते की दिशा में आगे बढ़ता है, तभी आगे की बातचीत और संभावित रियायतों का रास्ता खुलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी अल्पकालिक समझौते के लिए लेबनान को अनिवार्य शर्त के रूप में शामिल नहीं कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन पिछले कई सप्ताह से ईरान के साथ संभावित शांति व्यवस्था पर बातचीत की कोशिश कर रहा है। हालांकि राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि कूटनीतिक प्रयासों के साथ-साथ सैन्य विकल्प भी अमेरिकी रणनीति का हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि समझौते की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन जरूरत पड़ने पर अमेरिका कठोर कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। ईरान से जुड़े संघर्ष क्षेत्र में मौजूद लगभग 50,000 अमेरिकी सैनिकों को फिलहाल वापस बुलाने की कोई योजना नहीं है। उनके अनुसार, जब तक अभियान अपने निर्धारित उद्देश्यों तक नहीं पहुंच जाता।

एक्सपर्ट्स सवाल तैयार तो करेंगे, पर पता नहीं होगा किस एग्जाम के लिए किया

# नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा

**सुधार की कोशिश**

इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं।




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्पर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं।

नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा। वहीं, आइडिया एक्सचेंज कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है। मंत्री जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे, बल्कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं।

एनटीए से जुड़े अधिकारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रश्नपत्र की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंचे। सिस्टम को लोगों पर नहीं, प्रोसेस पर भरोसा करना चाहिए।

पेपर लीक मामले में ट्रांसलेशन करने वालों की गिरफ्तारी के बाद एनटीए ट्रांसलेशन प्रोसेस में भी बदलाव करना चाहती है। एजेंसी पहले ही सुप्रीम कोर्ट को बता चुकी है कि वह करीब 85% ट्रांसलेशन का काम एआई से कराने की योजना बना रही है। इसके बाद एक्सपर्ट्स सिर्फ यह जांचेंगे कि ट्रांसलेशन सही हुआ या नहीं। अधिकारियों का कहना है कि कोशिश यह भी रहेगी कि ट्रांसलेशन करने वालों को यह जानकारी न हो कि वे किस परीक्षा के सवाल देख रहे हैं।

वहीं, एनटीए इस समय 21 जून को होने वाले नीट-पीजी री-टेस्ट की तैयारी भी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक कुछ बदलाव अभी से लागू किए जा चुके हैं।

### शिक्षा मंत्री पर सीधा आरोप हो तो इस्तीफा मांगिए: किरेण रिजिजू

इसके तहत नए सब्जेट एक्सपर्ट्स को जोड़ा गया है। साथ ही पेपर छपने के बाद उसके ट्रांसपोर्ट और स्टोरेज सिस्टम को और सुरक्षित बनाने पर भी काम चल रहा है। रिजिजू ने कहा कि लाखों छात्रों को ठएएळ दोबारा देने की नौबत आई और उइरए की मार्किंग गड़बड़ियों से भी परेशानी हुई। ऐसे मामलों में सरकार की जिम्मेदारी समस्या को ठीक करना है, न कि उससे बचना। उन्होंने भरोसा जताया कि उठाए गए कदम भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी मंत्री या उसके स्टाफ पर सीधे भ्रष्टाचार, रिश्वत या गलत काम का आरोप हो तो इस्तीफे की मांग जायज होती है, लेकिन नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री पर ऐसा कोई सीधा आरोप नहीं है

नीट 2026 री-एग्जाम से पहले सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स पर पेपर लीक होने और सवाल पहले से मिलने के कई दावे किए जा रहे हैं।

### परीक्षा की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं: एनटीए

एजेंसी का कहना है कि कुछ ठग गिरोह छात्रों और उनके परिवारों को गुमराह कर पैसे कमाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कथित पेपर और लीक से जुड़े मैसेज पूरी तरह फर्जी हैं। एनटीए ने कहा कि परीक्षा की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं और परीक्षा निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी। एजेंसी ने छात्रों से अफवाहों पर भरोसा न करने और अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की है। साथ ही, ऐसे फर्जी मैसेज और पोस्ट फैलाने वाले अकाउंट्स व चैनलों की पहचान की जा रही है। ठळअ उनकी जानकारी सोशल मीडिया कंपनियों और साइबर क्राइम एजेंसियों को दे रही है, ताकि उन्हें हटाया जा सके। एजेंसी ने ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई के लिए शिकायत भी दर्ज कराई है। पेपर लीक में अब तक 13 गिरफ्तार, 21 जून को परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 सेंटर्स में हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया। 15 मई को शिक्षा मंत्रालय और री-एग्जाम की तारीख 21 मई को होने का ऐलान किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फाइमा) के मुख्य संरक्षक डॉ. रोहन कृष्णन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुलाकात की। इस दौरान स्थानीय विधायक सतीश उपाध्याय में मौजूद रहे। यह मुलाकात साकेत भवन ढहने की दुखद घटना के संबंध में हुई, जिसमें चार डॉक्टरों सहित सात लोगों की मौत हो गई थी।

### विपक्षी गठबंधन की बैठक में 23 दल होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की 8 जून को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में 23 राजनीतिक दलों ने भाग लेने की पुष्टि की है। यह बैठक दोपहर 12 बजे कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी। जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि इंडी गठबंधन (इंडिया जनबंधन) के कुछ दल अलग-अलग कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल होने में असमर्थता जता चुके हैं। हालांकि, उन्होंने भी केंद्र सरकार की उन नीतियों और कार्रवाइयों का विरोध किया है, जो लाखों भारतीयों के मताधिकार को प्रभावित कर रही हैं, संविधान पर हमला कर रही हैं और जांच एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है।

## विकसित भारत में समाज की होगी बड़ी भूमिका: ओम बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि भारत आज दुनिया में अवसरों की सबसे बड़ी भूमि के रूप में उभर रहा है। विशाल बाजार, युवा शक्ति और नवाचार की अपार संभावनाओं के बल पर देश विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन, उद्योग जगत, व्यापारी समुदाय और युवा उद्यमी सामूहिक प्रयासों से इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समाज आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा। बिरला माहेश्वरी इंटरनेशनल बिजनेस फाउंडेशन (एमआईबीएफ) की ओर से आयोजित माहेश्वरी और विकसित भारत-2047 कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जेके माहेश्वरी, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष संतोष कुमार लोहाटी,



एमआईबीएफ के संस्थापक अध्यक्ष प्रशांत माहेश्वरी, दीपक माहेश्वरी, उद्योगपति आनंद राठी, पूर्व सांसद श्याम जाजू सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष का सम्मान किया गया तथा प्रकाश पांडे द्वारा लिखित कोठारी बंधुओं पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश के विकास में माहेश्वरी समाज की गौरवशाली विरासत, इतिहास और योगदान महत्वपूर्ण रहा है। समाज ने व्यापार, उद्योग, सेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

### बंगाल में भी लागू होगी 'आयुष्मान भारत' योजना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार सोमवार को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' में शामिल होने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। इसके साथ ही बंगाल इस विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने वाला देश का 36वां राज्य बन जाएगा।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस योजना के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और पश्चिम बंगाल सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के बीच नई दिल्ली के विज्ञान भवन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाएगी नीति: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचायत के स्वामित्व वाली भूमियों पर भी प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए अगले वर्ष में एक नीति बनाई जाएगी। कृषि विभाग के स्वामित्व वाली लगभग 800 एकड़ भूमि केवल उन्हीं किसानों को पट्टे पर दी जाएगी,जो कम से कम अगले 10वर्ष तक उसमें प्राकृतिक व जैविक खेती करेंगे।



मुख्यमंत्री रविवार को कुरुक्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा एवं क्लस्टर गठन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित "कृषि कार्यशाला" में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत , हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बताया कि एपेडा एजेंसी से प्रमाणित प्राकृतिक व जैविक किसानों को पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रति वर्ष 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

**वित्तीय सहायता**

कुरुक्षेत्र में आयोजित कृषि कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि किया संबोधित

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रूपए महंगा: दिल्ली में 942, पटना में 1040 का मिलेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपए महंगा हो गया है। नई दरें रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 का हो गया है। तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपए महंगा हो गया है।

तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। इस बीच सरकार का कहना है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है।

*नाबार्ड के तहत हाटू माता रोपवे परियोजना का किया जाएगा विकास, निर्विरोध निर्वाचित नारकंडा नगर पंचायत के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा की*

## ढली-रामपुर फोर-लेन सड़क का सर्वेक्षण पूरा : मुख्यमंत्री सुक्खू

**घोषणा**

नवनिर्वाचित पंचायती राज प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिला के हाटू माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से



बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध 'देव संस्कृतिइ के लिए विश्व विख्यात है। यहां के लोगों की अपने देवी-देवताओं में गहरी आस्था है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनेक प्राचीन मंदिर स्थापित है और राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

पर्यटन और बेहतर संपर्क सुविधा को प्रमुखता प्रदान करते हुए ढलीइनारकंडाइरामपुर सड़क को फोर-लेन राजमार्ग में विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना में सुरंग के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि भूस्खलन से होने वाली क्षति को कम किया जा सके और लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हाटू माता रोपवे परियोजना के निर्माण की दिशा में सक्रियता से कार्य कर रही है और इस परियोजना को नाबार्ड के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया है। इस परियोजना को धरातल पर उतारने में तीन से चार वर्ष का समय लग सकता है, लेकिन सरकार इसे प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हाटू माता सड़क के सुधार कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है और इस कार्य में पेड़ों को कटान से बचाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगीं। मुख्यमंत्री ने निर्विरोध निर्वाचित नारकंडा नगर पंचायत के लिए 50 लाख रुपये प्रदान करने की भी घोषणा की। नारकंडा में नवनिर्वाचित पंचायती राज प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नारकंडा में पौधरोपण भी किया।

## अयोध्या राम मंदिर से 7 करोड़ की चोरी का दावा: सरकार की चुप्पी संदिग्ध: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार (7 जून 2026) को पर एक सनसनीखेज दावा किया।

अखिलेश यादव ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी होने की बात कहते हुए लिखा, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि राम मंदिर के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है। उन्होंने आगे लिखा, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है।



न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने की माँग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।

**अखिलेश यादव का ट्वीट**

सपा सरकार में मंत्री रहे और पार्टी के प्रवक्ता पवन पांडेय ने भी पर अखिलेश के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, हे राम मंदिर मे भी डकैती। पवन पांडेय 2012-2017 के बीच अयोध्या से विधायक रहे हैं।

इस मामले को लेकर जब सपा के प्रवक्ता पवन पांडेय से बात की तो उन्होंने चढ़ावे की चोरी का सबूत ना होने की बात कही। हमने पूछा कि क्या उन्हें इस संबंध में कोई शिकायत मिली है या उनके पास कोई प्रमाण है तो उनका कहना था, यह बात पूरे फैजाबाद शहर में सूत्रों के आधार पर टहल रही है, चार दिनों से।

# दिव्यांगों के लिए सहारा बनी योगी सरकार की पेंशन योजना, लाभार्थियों ने जताया आभार

दिव्यांगजनों के जीवन में बदलाव ला रही योगी सरकार की पेंशन योजना, प्रदेश के 12 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को मिल रही आर्थिक सहायता, दिव्यांगों के लिए किए जा रहे सीएम योगी के प्रयासों की लाभार्थियों ने की सराहना, लाभार्थियों का कहना है कि समय पर पेंशन मिलने से दवा, भोजन और अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में मदद मिल रही

**सकारात्मक**

उत्तर प्रदेश के लाखों दिव्यांगजनों के जीवन में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान/पेंशन योजना से सकारात्मक बदलाव आएं






**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के लाखों दिव्यांगजनों के जीवन में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान/पेंशन योजना से सकारात्मक बदलाव आएं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित इस योजना से लाभार्थियों को आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। लाभार्थियों का कहना है कि समय पर पेंशन मिलने से दवा, भोजन और अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में मदद मिल रही है। कई परिवारों के लिए यह पेंशन जीवनयापन का सहारा बन गई है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल उनके जीवन को आसान और सुरक्षित बना रही है।

**पेंशन से घर की आर्थिक स्थिति को मिली मजबूती**

बाराबंकी की रहने वाली आशा और उनके पति हरिलाल ने बताया कि पेंशन मिलने से उनके घर की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार की इस सहायता से परिवार को बड़ी राहत मिली है। हरिलाल ने बताया कि उनकी पत्नी आशा एक हाथ से दिव्यांग हैं, जबकि वह स्वयं सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वह नियमित रूप से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसे में दिव्यांग पेंशन उनके परिवार के लिए जीवनरेखा का काम कर रही है।

**योगी सरकार से पेंशन राशि बढ़ाने की मांग**

हरिलाल ने बताया कि समय पर पेंशन मिलने से दवा और अन्य आवश्यक जरूरतों का खर्च निकल जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। उन्होंने बताया कि उनकी चार बेटियां हैं और सीमित आय के बीच परिवार का भरण-पोषण करना किसी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन पेंशन मिलने से काफी सहारा मिला है।

## पेंशन योजना दिव्यांगजनों के लिए साबित हो रही उपयोगी

इसी तरह लखनऊ के गोसाईगंज निवासी 35 वर्षीय कौशल को भी पिछले 5-6 साल से पेंशन का लाभ मिल रहा है। कौशल ने बताया कि योगी सरकार आने के बाद उन्हें दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलना शुरू हुआ है। उन्हें प्रत्येक तीन महीने पर 3000 रुपये की पेंशन मिलती है, जिससे उनके जीवन-यापन में काफी मदद मिलती है। कौशल बाएं पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समय पर पेंशन दिए जाने से उनकी आर्थिक परेशानियां काफी हद तक कम हुई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है।

पेंशन से मिल रही बड़ी राहतः लाभार्थी लखनऊ के रहने वाले लाभार्थी रजनीश ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पिछले कई वर्षों से दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह खेती-किसानी के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन सरकार की ओर से मिलने वाली पेंशन उनके लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

**योगी सरकार में लाखों दिव्यांगजनों को मिल रही सहायता**

प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 12 लाख से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता मिली है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। योगी सरकार की इस पहल से ऐसे दिव्यांगजन, जिनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है।

## निपुण 2.0 की तैयारी तेज, योगी सरकार कक्षा 5 तक मजबूत करेगी सीखने की बुनियाद



**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा सुधार के अगले चरण की तैयारी में जुट गई है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से कक्षा 1 से 3 तक आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने के बाद अब सरकार इसकी पहुंच कक्षा 5 तक बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके लिए हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) विषयों के लिए नए अधिगम लक्ष्य और दक्षताएं निर्धारित की जा रही हैं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार इन दक्षताओं और लक्ष्यों को 20 जून तक अंतिम रूप देकर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। हाल ही में यह कार्ययोजना अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में निपुण भारत मिशन के विस्तार, कक्षा 3 से 5 तक अधिगम लक्ष्यों के निर्धारण, शिक्षक परामर्श प्रक्रिया तथा क्रियान्वयन रणनीति की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी के आधार पर मिशन के अगले चरण की रूपरेखा को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष ने साय से समाज के कल्याण और विकास संबंधी विषयों पर की चर्चा

**मूल्यांकन**

केंद्र एवं राज्य सरकारों को सुझाव प्रदान करता है तथा उनके विकास की प्रगति का मूल्यांकन करता है।



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर। राष्ट्रीय** पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रविवार को उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय और साध्वी निरंजन ज्योति के बीच पिछड़ा वर्ग के कल्याण, सामाजिक न्याय, शैक्षणिक उन्नयन तथा सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत और अभिवादन करते हुए कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास एवं कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज को निरंतर मिल रहा है। साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की भूमिका, कार्यप्रणाली तथा पिछड़ा वर्ग के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने आयोग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद सहित आयोग के सदस्यगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़े विषयों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों को सुझाव प्रदान करता है तथा उनके विकास की प्रगति का मूल्यांकन करता है।

# स्वास्थ्य मंत्री उनियाल ने सीएचसी ज्योतिर्मठ का किया निरीक्षण

**जायजा लिया**

उपजिला चिकित्सालय ज्योतिर्मठ का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**ज्योतिर्मठ।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने उपजिला चिकित्सालय ज्योतिर्मठ का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही मरीजों के तीमारदारों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं और उपचार संबंधी अनुभवों के बारे में बातचीत की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए तथा यथासंभव बेहतर उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा चिकित्सकों को बाहर से दवाइयां लिखने से बचने तथा अस्पताल में उपलब्ध दवाओं का प्राथमिकता से उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने चारधाम यात्रा मार्ग पर अहम पड़ाव ज्योतिर्मठ में सभी स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं को चौबीस घंटे सुदृढ़ और सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की नियमित सफाई, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता तथा मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन विस्तार का मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के झारखंड प्रवास के दूसरे दिन रविवार को रांची जिले के कुच्चू स्थित प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के पैतृक आवास पर महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों, चुनावी प्रत्याशियों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक चुनौतियों, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा झारखंड में भाजपा के विस्तार को लेकर व्यापक चर्चा की गई।



बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक तथा वर्ष 2024 के चुनावों में पार्टी के प्रत्याशी शामिल हुए। इसके अलावा संगठनात्मक दृष्टिकोण से रांची जिले के तीनों संगठनात्मक जिलों के कार्यसमिति सदस्यों ने भी बैठक में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी के विभिन्न स्तरों के नेताओं और कार्यकताओं के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना था। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# दिल्ली होटल अग्नि प्रकरण में केशव की गिरफ्तारी को लेकर धामी ने की दिल्ली की मुख्यमंत्री से बात

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** दिल्ली के मालवीय नगर अग्निकांड प्रकरण में उत्तराखंड के केशव नेगी की गिरफ्तारी के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बात की। इस संबंध में रविवार को मख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा व जांच पूरी तरह तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होगी। धामी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली सरकार और संबंधित एजेंसियां निष्पक्ष जांच के माध्यम से सत्य को सामने लाएंगी। इसके बाद धामी ने केशव नेगी की पुत्री कनिष्का नेगी से भी बात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। धामी ने कहा कि सरकार देशभर में रह रहे सभी प्रवासी उत्तराखंडी भाई बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मालवीय नगर के हौजरानी में "फ्लोरिश स्टे" नाम से चल रहे अवैध होटल में भीषण आग लगने से 21 लोगों की धुएं में दम घुटने से हुई मौत हुई थी।

# वीकेंड पर हरिद्वार में वाहनों का सैलाब, शहरभर में जाम से लोग बेहाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार। वी**केंड पर धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। रविवार को सुबह से ही हरिद्वार के प्रमुख प्रवेश मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्ग, हर की पैड़ी क्षेत्र, रेलवे स्टेशन मार्ग, बस अड्डा क्षेत्र और शहर की आंतरिक सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हालात ऐसे रहे कि सामान्य दिनों में कुछ मिनटों में तय होने वाला सफर लोगों को घंटों में पूरा करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहनों की लंबी कतारों के कारण



कई स्थानों पर यातायात पूरी तरह रुक-रुक कर चलता रहा। जाम में फंसे यात्रियों में सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ी। तेज धूप, उमस और वाहनों से निकलने वाले धुएं ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। हरिद्वार में गंगा स्नान, धार्मिक स्थलों के दर्शन और वीकेंड की छुट्टियां बिताने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे थे। इसके चलते शहर के पार्किंग स्थल भी क्षमता से अधिक भर गए। पार्किंग की तलाश में भटकते वाहनों के कारण कई स्थानों पर यातायात दबाव और बढ़ गया। जाम का असर केवल राष्ट्रीय राजमार्ग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर के भीतर की अधिकांश सड़कों पर भी यही स्थिति बनी रही। हर की पैड़ी, भीमगोड़ा, चंडी चौक, सिंहद्वार, प्रेमनगर आश्रम मार्ग, ऋषिकुल क्षेत्र और अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के जवान दिनभर सड़कों पर मशक्कत करते रहे। पुलिसकर्मियों ने विभिन्न चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर यातायात को सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर श्रद्धा महिला मंडल द्वारा वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ



**उत्साह, उमंग**

हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्साह, उमंग एवं संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** टीम एक्शन इंडिया विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्साह, उमंग एवं संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वसंत क्लब परिसर में श्रद्धा महिला मंडल की माननीय अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन द्वारा गत 4 जून को पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की उपाध्यक्षगण एवं अन्य सदस्याओं ने भी पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों एवं कर्मचारियों को फलदार पौधे तथा पर्यावरण अनुकूल जूट के थैले वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना था।

अपने संबोधन में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन ने सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं।

उन्होंने श्रद्धा महिला मंडल की सभी क्षेत्रों में संचालित समितियों को आगामी मानसून सत्र के दौरान कम से कम 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य भी दिया तथा इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक रूप देने पर बल दिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली एवं स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

राज्य के आठ जिलों में 1500 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवसायिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

# उत्तराखंड में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार, 1500 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः** उत्तराखंड में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए), नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (एनएसवीआई) तथा नेस्ले इंडिया ने संयुक्त रूप से सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार किया है। इस पहल के तहत राज्य के आठ जिलों में 1500 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवसायिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एनएसवीआई द्वारा किया जाएगा, जिसमें देहरादून, हरिद्वार,




उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी गढ़वाल और टिहरी गढ़वाल सहित विभिन्न जिलों के विक्रेताओं को शामिल किया जाएगा। परियोजना के उद्घाटन समारोह में एफडीए के उपायुक्त गणेश कंडवाल, अपर आयुक्त ताज बार सिंह, हरिद्वार के सहायक नगर आयुक्त एम.एन. जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर.के. सिंह तथा नेस्ले इंडिया के पंतनगर फैक्ट्री मैनेजर अमित दुग्गल व स्ट्रीट वेंडर्स संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय चोपड़ा सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मानकों, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, अपशिष्ट निपटान तथा उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य न केवल खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि विक्रेताओं के व्यवसायिक विकास को भी प्रोत्साहित करना है। नेस्ले इंडिया के प्रतिनिधि कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा कि ह्यसर्व सेफ फूडह्न परियोजना के माध्यम से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनकी जागरूकता और कौशल दोनों में वृद्धि हो रही है। गौरतलब है कि नेस्ले इंडिया ने वर्ष 2016 में ह्यसर्व सेफ फूडह्न परियोजना की शुरूआत की थी। तब से यह कार्यक्रम देश के 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित किया जा चुका है, जिसके माध्यम से 1.20 लाख से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया गया है। इस पहल ने खाद्य सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उत्तराखंड में परियोजना के विस्तार से राज्य के हजारों स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को लाभ मिलेगा तथा सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

# पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संवर्धन का सशक्त माध्यम है साइकिल: प्रो. वीरेंद्र पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** फिट इंडिया, उन्नत भारत अभियान, खेलो इंडिया तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेल निदेशालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन, कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल तथा खेल निदेशक प्रो. (डॉ.) दिनेश सिंह राणा के नेतृत्व में रविवार को संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व साइकिल दिवस केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से जहां शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, वहीं प्रदूषण में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। प्रो. वीरेंद्र पाल ने सभी से ह्यफिट इंडियाह्ल और ह्यग्रीन इंडियाह्ल के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आान करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण-मुक्त वातावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्वयं जागरूक होकर समाज को भी प्रेरित करने का आग्रह किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।
कार्यक्रम के दौरान खेल निदेशक प्रो. (डॉ.) दिनेश सिंह राणा ने कहा कि साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों एवं युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि साइकिल का अधिक उपयोग प्रदूषण को कम करने और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने चाहिए।
संडे ऑन साइकिल अभियान में शारीरिक शिक्षा एवं खेल निदेशालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ पूरे कार्यक्रम में जोश और देशभक्ति का वातावरण बनाए रखा।
इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद, प्रो. दीपक बब्बर, डॉ. सुरेंद्र वर्मा, डॉ. चंद्रकांत, एबीवीपी संगठन मंत्री सुनील गोंदर, वॉलीबॉल कोच राजेश कुमार, हॉकी कोच मलकीत कौर, रेसलिंग कोच रमेश, साइकिलिंग कोच शैलजा, खेल निदेशालय से प्रदीप, भारत भूषण सहित अन्य शिक्षण एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## माध्यमिक विद्यालय ढ़ाढ़ोत में सात दिवसीय समर कैंप का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढ़ाढ़ोत में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप का रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन किया गया। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी जगमाल सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अजीत सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग, खेलकूद तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। गणित प्रवक्ता सतन सिंह ने बताया कि सात दिनों तक चले इस समर कैंप में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने का अवसर मिला। कैंप के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा विभिन्न स्किल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।
इसके अतिरिक्त खेल, कला, संगीत और व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।
मुख्यअतिथि ने विद्यार्थियो को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया।

**न्यूज फ्लैश**

## भाजपा सरकार पर किसान कांग्रेस का निशाना, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के लगाए आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा सरकार बनने के बाद से सरकारी नौकरियों और ठेकों में बाहरी लोगों एवं कंपनियों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं में प्रतिभा और योग्यता की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। बवेजा ने आरोप लगाया कि प्रदेश के विभिन्न सरकारी कार्यों के ठेके बाहरी कंपनियों को दिए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसरों से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार बढ़ा है और सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। किसान कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें गुमराह करने का प्रयास कर रही है। एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने दावा किया कि जनता सरकार की नीतियों से निराश है और आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से अपना फैसला सुनाएगी। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस जनता के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। बवेजा ने कहा कि पेपर लीक मामले में कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं पर लाठी चार्ज और वाटर कैनन का प्रयोग कर सरकार ने तानाशाही का परिचय दिया है। सरकार के इस तानाशाही रवैये को लेकर आमजन में रोष व्याप्त है।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाई आइसक्रीम वाली गुरु ठंडाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के इस मौसम में आम जनता का हाल बेहाल है। इस भीषण गर्मी के प्रकोप और तपती लू से आमजन को बचाने तथा डिहाइड्रेशन पानी की कमी से दूर रखने के लिए समाजसेवा की दिशा में एक बेहद सराहनीय और पुनीत कार्य किया जा रहा है। शहर के व्यस्ततम परशुराम चौक पर राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए शीतल पेय की एक विशेष छबील लगाई गई। इस छबील की सबसे खास बात यह रही कि रविवार को आमजन को विशेष रूप से तैयार की गई स्वादिष्ट गुरु ठंडाई में आसक्रीम डालकर पिलाई गई, जिससे राहगीरों को इस तपन में असीम मानसिक और शारीरिक शांति मिली।

## सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा अग्रवाल धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मेहनती महिलाओं को सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत सभा के प्रधान श्री विशाल सिंगला जी वह कैशियर विशेष गर्ग जी रहे। उन्होंने कहा कि सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई-कटाई सेंटर, कंप्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण और स्वरोजगार केंद्र महिला सशक्तिकरण के लिए नींव का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, इन प्रयासों से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का बेहतर पालन-पोषण कर रही हैं। सेवा ट्रस्ट सही मायने में नारी शक्ति को सम्मान देने का कार्य कर रहा है।
सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर श्री पवन मित्तल ने जानकारी दी कि ट्रस्ट अंबाला के साहा में 'सेवा धाम' के नाम से एक मल्टी फैसिलिटी होम का निर्माण कर रहा है। करोड़ों की लागत से बन रहे इस 6655 वर्ग गज के सेवा धाम में दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों के इलाज की सुविधा उपलब्ध हो गई है जहां बच्चों को मुफ़्त इलाज आधुनिक मशीनों द्वारा किया जा रहा है साथ ही यहां विभिन्न स्किल कोर्स भी करवाए जाएंगे ताकि महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर सकें।

**सड़क सुरक्षा**

~~अभियान चलाकर छात्र छात्राओं व वाहन चालकों को समय समय पर जागरूक किया जाता है~~

## हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों को सहेजते हुए आधुनिकता के साथ आगे बढना चाहिए : विपिन वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) में अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा एवं लोधी चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रदेश कार्यकारिणी शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह बड़े ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।
महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार डेविड (विधायक एटा सदर उत्तर प्रदेश) एवं मुख्य अतिथि विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार ने समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने संबोधन में संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए समाज में एकता एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी, मेयर फरीदाबाद के साथ अन्य विशिष्ट अतिथि राव राम कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता, पवन यादव, पार्षद बल्लभगढ़, डॉ. अनीता लोधी, पूर्व विधायक उत्तर प्रदेश, डॉ. राजीव लोधी, पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## महंगाई की मार से कराह रहा आम आदमी: प्रदीप चौधरी



**कालका, 7 जून। मैनपाल**
कालका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने बढ़ती महंगाई को लेकर कहा कि आज आम आदमी दोहरी मार झेल रहा है। एक ओर रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं और दूसरी ओर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने हर परिवार का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। महंगाई का असर केवल शहरों तक सीमित नहीं है बल्कि गांवों में रहने वाले लोग भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। आम परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है।
प्रदीप चौधरी ने कहा कि किसानों, मजदूरों और पशुपालकों की परेशानियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पशुओं के चारे के लिए उपयोग होने वाली तूड़ी के दाम बढ़ने से डेयरी व्यवसाय और पशुपालन से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। वहीं मकान निर्माण में उपयोग होने वाली ईंट, सीमेंट, सरिया और अन्य निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि के कारण मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का अपना घर बनाने का सपना अधूरा रह रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य महंगे होने से रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ रहा है और इससे जुड़े हजारों श्रमिकों की आजीविका प्रभावित हो रही है। किसानों को खेती की बढ़ती लागत, महंगे डीजल और अन्य कृषि जरूरतों के कारण अतिरिक्त आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि दवाइयों, शिक्षा, परिवहन, बिजली, खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। परिवारों को अपनी आय का बड़ा हिस्सा केवल बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में खर्च करना पड़ रहा है, जिससे बचत की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई नियंत्रण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए तथा आम जनता, किसानों, कर्मचारियों और छोटे कारोबारियों को राहत देने के लिए विशेष योजनाएं लागू करनी चाहिए। प्रदीप चौधरी ने कहा कि जनता अब सरकार से जवाब चाहती है कि आखिर बढ़ती महंगाई से राहत कब मिलेगी और लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे।

## घरेलू रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से आम जनता का बिगड़ा बजट : राव

**चंडीगढ़। ह**रियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता का जीवन संकटपूर्ण बना दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में हालिया 29 की वृद्धि तथा कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने न केवल आम परिवारों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है, बल्कि छोटे व्यापारियों और कारोबारियों की आर्थिक चुनौतियों को भी बढ़ा दिया है। राव नरेंद्र सिंह ने रविवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में कहा कि पिछले तीन महीनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगभग 90 की वृद्धि की जा चुकी है, जबकि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में करीब 1300 तक की भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे होटल, रेस्तरां, ढाबा संचालकों और छोटे व्यवसायों की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार की गई वृद्धि ने महंगाई को और अधिक बढ़ावा दिया है। पेट्रोल की कीमत 100 प्रति लीटर से अधिक हो चुकी है। ईंधन की बढ़ती कीमतों का सीधा असर परिवहन लागत पर पड़ता है, जिसके कारण खाद्य पदार्थों सहित दैनिक उपयोग की लगभग सभी वस्तुएं महंगी हो गई हैं।

## शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को अपनी भाषा एवं संस्कारों का भी ज्ञान होना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को अपनी भाषा एवं संस्कारों का भी ज्ञान होना चाहिए। इसी उद्देश्य से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में भारतीय भाषा शिविर चल रहा था जिसका का समापन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। शिविर में भाग ले रही छात्राओं से फीडबैक ली गई। जिसमें छात्राओं ने बताया कि इस शिविर के दौरान उन्होंने कौन-कौन सी गतिविधियों में भाग लिया। जिन में संवाद प्रतियोगिता, अध्यापक छात्र, दुकानदार ग्राहक, अच्छे पड़ोसी के व्यवहार, नाट्य मंचन भी गतिविधियां प्रमुख रही। शिविर में लोक नृत्य, चित्रकला प्रतियोगिता, गीत संगीत कविताएं इत्यादि का आयोजन किया गया। पारंपरिक भोजन, संतुलित भोजन के लाभ, महान व्यक्तियों की जानकारी जैसे एपीजे अब्दुल कलाम, स्वामी विवेकानंद इत्यादि के जीवन बारे, भारत की ऐतिहासिक भौगोलिक जानकारी दी गई।



# वीरेंद्र जैन बने एसएस जैन महासभा के प्रधान और अश्वनी जैन बने चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा एसएस जैन महासभा के चुनाव आज यहां आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। एसएस जैन सभा हनुमान गली करनाल में हुए चुनावों में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पानीपत के बीरेंद्र जैन को अध्यक्ष तथा चेयमैन पद पर कुरुक्षेत्र से व्यवसायी तथा सीए अश्वनी जैन को सर्वसम्मति से चुना गया।

इससे पहले आज चुनाव के लिए बैठक करनाल में शुरू हुई। इसमें प्रदेशभर से एसएस जैन सभाओं के प्रतिनिधियों के साथ समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। अध्यक्ष जेपी जैन ने सभा को संबोधित करने के बाद अपने पद से त्यागपत्र दिया। उसके बाद उन्होंने चुनाव करवाने की घोषणा की। इसके लिए एसएस जैन सभा करनाल हनुमान गली के महामंत्री नवीन जैन तथा जींद से आए



जगदीश जैन को चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन अधिकारी घोषित किया गया।

बैठक में पहले अध्यक्ष पद के लिए पांच नाम आए। बाद में निर्वाचन अधिकारी नवीन जैन तथा अशोक जैन, रतन जैन तथा अन्य जनों ने सर्वसम्मति बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद अध्यक्ष चेयरमैन तथा अन्य पदों के सर्वसहमति से चुनाव सम्पन्न हुए। अन्य पदाधिकारियों में सुभाष जैन पानीपत को महामंत्री, राजेंद्र जैन पानीपत को कोषाध्यक्ष चुन लिया गया। अन्य कार्यकारिणी सदस्यों तथा पदाधिकारियों के नामों की घोषणा बाद में की जाएगी।

इस अवसर पर राजन जैन, चेतन जैन अशोक जैन रतन जैन राकेश जैन गौरव जैन, सुशील जैन, विनय जैन अनिल जैन सहित तमाम जैन समाज के प्रतिनधि मौजूद थे। नवनिर्वाचित प्रधान वीरेंद्र जैन ने बताया कि वह समाज को साथ लेकर चलेंगे। सभी के सहयोग से स्थानकों को उनकी गरिमा बढ़ाने का काम करेंगे।

चेयरमैन अश्वनी जैन ने बताया कि वह सरकार और समाज के बीच संवाद बनने के लिए काम करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### चानौत गाँव और हांसी के लोगो को उनका हक का पानी मिले: सोविन भाटला



**हांसी (दिनकर गावड़ी):**
गांव चानौत में पिछले 22 दिनों से अपने हक के पीने के पानी की मांग को लेकर ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि गांव की महिलाएं भी भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हैं। इसी मुद्दे को लेकर आज हांसी में हिसार ग्रामीण यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सोविन भाटला ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।
सोविन भाटला ने कहा कि चानौत गाँव के ग्रामीण कोई अनुचित मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने अधिकार के पीने के पानी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव की माताओं-बहनों का भूख हड़ताल पर बैठना इस बात का प्रमाण है कि सरकार और प्रशासन जनता की मूलभूत समस्याओं के प्रति कितने असंवेदनशील हो चुके हैं। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार,प्रशासन और स्थानीय विधायक विनोद भयाना जी की होगी।
सोविन भाटला ने कहा कि भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक विनोद भयाना जनता की समस्या का समाधान करने की बजाय उन्हें गुमराह करने का काम कर रहे हैं। पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए लोगों को 22 दिनों तक धरने पर बैठना पड़े, यह सरकार और प्रशासन की बड़ी विफलता है।
सोविन भाटला ने विधायक के उस बयान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने कहा था कि ये लोग पानी नहीं विधायक और मुख्यमंत्री की कुर्सी माग रहे हैं सोविन भाटला ने कहा कि यह बयान अहंकार को दशार्ता है। लोकतंत्र में जनता ही विधायक बनाती है और जनता ही सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखाती है। किसी भी जनप्रतिनिधि को जनता की ताकत को कम आंकने की भूल नहीं करनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि चानौत गाँव और हांसी शहर के लोगों की लड़ाई न्याय और अधिकार की लड़ाई है तथा कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष में साथ मजबूती से खड़ी है। सरकार को तुरंत गांव और शहर दोनों को उनके हक का पानी उपलब्ध करवाना चाहिए।

### भाजपा हांसी मंडल की मासिक बैठक में संगठन एवं जनहित के मुद्दों पर मंथन : तनुज खुराना



**हांसी(दिनकर गावड़ी):**
भारतीय जनता पार्टी हांसी मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।
हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने
बैठक में भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यकर्मो की विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई । उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूरे होने पर कार्यकताओं को बधाई दी।
जिला महामंत्री धर्मबीर रेतेरिया ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को आगामी पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने संगठन हित में कार्य करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर हांसी जिला कार्यालय सचिव मनजीत जांगड़ा, जिला सचिव श्री शर्मा, हांसी मंडल महामंत्री रमेश नायक, अक्षय शर्मा,मधु बंसल, पंकज कोचर, दीपक मुंजाल,अनिल आर्य, जगदीश भाटिया,किशोरी नागपाल, अरुण आर्य, विजय बंसल, वरुण अरोड़ा,राजू मेहता, विक्रम चोपड़ा, रमेश मदान,रतिराम सैनी, कोषाध्यक्ष गौरव बंसल,भारत भूषण,लोकेश भारद्वाज,रामनिवास टीनू भूटानी आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे

## विकास की दृष्टि से सबसे पिछड़े पायदान में खड़ा गुहला: लखविंद्र

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला में विकास को लेकर भारतीय किसान यूनियन की स्थानीय इकाई ने प्रशासन के खिलाफ अपना मोर्चा खोल लिया है। इस सम्बन्ध में भाकियू जिला सचिव ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रशासन पर एक के बाद एक सवाल दागा और पूछा कि 2014 के बाद पिछले चुनाव तक भाजपा ने गुहला हलका के लोगों से दर्जनों वायदे किए थे, जिनमें कैथल से पटियाला फोरलैन बनाना। उन्होंने पूछा कहां है फोरलैन। किसान नेता ने कहा कि दूसरा वायदा चीका से यमुनानगर फोरलैन, तीसरा वायदा बाईपास बनाने का था। उन्होंने कहा कि चौथा वायदा मिनी सचिवालय का था। पांचवा वायदा कैथल से पटियाला वाया गुहला चीका रेल बिछाने का था। उन्होंने कहा कि उक्त सभी वायदे तो मुख्य वायदे थे परंतु इनके अतिरिक्त कई अन्य ऐसे वायदे थे, जिन्हें पूरा करने का वायदा जनता के साथ किया गया था परंतु उक्त वायदों में से एक भी वायदा पूरा नहीं किया गया। हां, यह बात अलग है कि उक्त सभी वायदे कागजों में सर्वाइवल कर रहे हों। उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी व कथनी में पूरा अन्तर है नतीजतन गुहला हलके में यह बात अक्षरशः देखी जा सकती है। लखविंद्र किंद्र ने कहा कि गुहला में आज की सच्चाई यह




**पूछे सवाल**

2014 के बाद पिछले चुनाव तक भाजपा ने गुहला हलका के लोगों से दर्जनों वायदे किए थे

है कि इस हलके का कोई भी वाली वारिस नहीं रहा है और यहां के लोग नरक जैसी जिंदगी जी रहे हैं। किसान नेता ने आज एक बार फिर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें सरकार की पोल खोलते हुए कहा कि भाजपा ने लोगों से जितने वायदे किए वे सभी खोखले साबित हुए। उन्होंने कहा कि जब तब भाजपा अपने वायदे पूरा नहीं करती, तब तक वे पोस्टर वार, सोशल मीडिया व अन्य तरीकों से सरकार की पोल पट्टी खोलते रहेंगे।

## घुमंतू समाज के उत्थान के लिए संगठित होकर कार्य करना जरूरी: कुलवंत बाजीगर

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** हरियाणा प्रदेश घुमंतू जाति प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर की अध्यक्षता में स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह, गुहला में घुमंतू, अर्ध-घुमंतू एवं विमुक्त जातियों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में समाज की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं, बुनियादी अधिकारों तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रदेशाध्यक्ष कुलवंत बाजीगर ने कहा कि घुमंतू समाज का इतिहास



गौरवशाली रहा है, लेकिन आज भी समाज का एक बड़ा वर्ग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा, आवास और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से घुमंतू जातियों के जाति प्रमाण पत्र एवं परिवार पहचान पत्र में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करवाने, युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाने, स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा दिलवाने तथा भूमिहीन परिवारों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से पक्के प्लाट और मकान उपलब्ध करवाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सतपाल सिंह खरकड़ा, यमुनानगर से राम कुमार पाल, भवानी खेड़ा से सुरेश कुमार, बरवाला से अश्विनी गुंदली, अंबाला से गुरनाम सिंह, रतिया क्षेत्र से रवि कुमार, गोपाल सिंह, कुलदीप सिंह, सुन्दर सिंह, जगतार सिंह, सिरसा से वकील राम और सुनील कुमार व जींद से रमेश नायक ने बैठक में भाग लिया। इस बीच बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। प्रदेशाध्यक्ष कुलवंत बाजीगर ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**आह्वान**

जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया

## 15 ग्राम 70 मिलीग्राम स्मैक व एक रिट्ज कार सहित दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल ने इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## गुहला में अभी और बढ़ेगा पारा, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला में मौसम अगले सात दिनों तक लगातार उतार-चढ़ाव भरा रहने की संभावना है। मौसम विभाग के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार समूचे हरियाणा राज्य की भांति गुहला में भी एक बार फिर गर्मी तेज होने वाली है। 8 से 10 जून के बीच अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा और कई जिलों में लू (हीटवेव) चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले तीन दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी होगी, जिससे दोपहर के समय लोगों को भीषण गर्मी का सामना




करना पड़ सकता है। विभाग पहले ही संकेत दे चुका है कि जून महीने में सामान्य से अधिक हीटवेव वाले दिन दर्ज किए जा सकते हैं।
गर्मी के इस दौर के बाद 11 और 12 जून को मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 11 जून को कुछ स्थानों पर लू और आंधी-बारिश की गतिविधियां एक साथ देखने को मिल सकती हैं। वहीं 12 जून को भी मौसम खराब रहने और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के संकेत हैं।

## घरेलू सिलेंडर के रेट 29 रुपए बढ़ाकर सरकार ने जनता की कमर तोड़ी : राजेन्द्र सोरखी

**हांसी (दिनकर गावड़ी):**
आम आदमी पार्टी ने कहा है कि सरकार ने आम उपभोक्ताओं को महंगाई का एक और झटका देते घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी है। लगातार बढ़ रही महंगाई से देश और हरियाणा प्रदेश की जनता बुरी तरह परेशान है। प्रेस को जारी बयान में आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि 3 माह में दूसरी बार सिलेंडर में बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले 7 मार्च को 60 रुपए की भारी बढ़ोतरी की गई थी। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही पेट्रोल-डीजल के दामों में भी बेतहाशा वृद्धि करके आम जनता की कमर तोड़ दी थी।



आज हर वर्ग-किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी और मध्यम वर्ग-महंगाई की मार झेल रहा है। महंगाई का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर पड़ रहा है। खाद्य पदार्थ, सब्जियां, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे हैं। गरीब आदमी का जीना ही मुश्किल होता जा रहा है। तीन महीने में सिलेंडर के दाम 89 रुपए बढ़ाकर केंद्र और प्रदेश की सरकार गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। एक तरफ बेरोजगारी बढ़ रही है और दूसरी तरफ महंगाई ने आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है।
भाजपा सरकार सिर्फ बड़े-बड़े वायदे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर जीरो है, जिससे जनता परेशान है। राजेन्द्र सोरखी ने मांग की कि सिलेंडर के बढ़े हुए रेट तुरंत वापस लिए जाएं ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## नई राह संस्था ने बनाया नैनो जंगल, संस्था ने लगाये फलदार एवं औषधीय पौधें

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 7 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में रविवार को आर्य समाज बापौली परिसर में डॉ. हेमा रमन के नेतृत्व में सामाजिक संस्था नई राह द्वारा नैनो जंगल-31 का निर्माण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए बड़ी संख्या में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। नैनो जंगल में नाशपाती, अमरूद, रीठा, जामुन, आम, बेलपत्र, कदंब सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा बापौली मंडल



के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आर्य समाज बापौली के संरक्षक यशपाल, प्रधान डॉ. रामवीर जी, जितेंद्र वर्मा, प्रवीण आर्य, एडवोकेट जयपाल, मोहित अध्यापक, तथा राजकुमार आदि गणमान्य मौजूद रहे। डॉ. हेमा रमन ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि आने वाली पीढि ?ों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, घटता भूजल स्तर और लगातार कम होती हरित संपदा मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भाजपा ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान किए हैं: मोनिका बंसल

**प्रतिबद्धता**

**डॉ. अर्चना गुप्ता को अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने महिलाओं के उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 6 जून (विजय कौशिक)** : भाजपा नेत्री मोनिका बंसल ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पार्टी का यह निर्णय महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो महिलाओं को संगठन और सरकार में निरंतर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर उन्हें निर्णय प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाती है। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उनके पास संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता तथा कार्यकताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की विशेष योग्यता है। ऐसे में उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से भाजपा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और प्रदेशभर में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महिलाओं के कल्याण, शिक्षा, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भाजपा सरकार ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। भाजपा द्वारा महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है जिससे महिलाएं राजनीतिक तौर पर और मजबूत होंगी। पार्टी ने इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर महिला नेतृत्व पर अपना विश्वास प्रकट किया है। भाजपा का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर विकास के मार्ग पर आगे बढना है। महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी भी समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। भाजपा ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान किए हैं और आज बड़ी संख्या में महिलाएं संगठन तथा सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के अनुभव, कार्यशैली और समर्पण का लाभ संगठन को अवश्य मिलेगा तथा कार्यकताओं में भी नया उत्साह और जोश पैदा होगा। डॉ. पूनम सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर डॉ. अर्चना गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में भाजपा आगामी समय में संगठनात्मक दृष्टि से नई उपलब्धियां हासिल करेगी तथा प्रदेश के विकास और जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। इस अवसर पर रीना सैनी, परमजीत कौर कश्यप, पूनम सैनी, नेहा सैनी के अलावा अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# पाचनशक्ति बढ़ाने में सहायक है वज्रासन: लक्ष्मीनारायण

**योगासन**

**योग दिवस की तैयारियां प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं द्वारा युद्धस्तर पर की जा रही हैं।**



**सोनीपत** जिले में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं द्वारा युद्धस्तर पर की जा रही हैं। इन्ही संस्थाओं में से योग के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति ने भी आई टी आई कैंपस में निशुल्क शिविर का आयोजन किया है। रविवार को शिविर में उपस्थित साधकों को योगाभ्यास करवाते हुए समिति के प्रधान इंजीनियर व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने बताया कि बिना यम-नियमों का पालन किए कोई भी साधक योगी नही हो सकता। अतः योगाभ्यासी को अहिंसा,सत्य,अस्तेय,ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह इन पांच यमों तथा शौच,संतोष,तप, स्वाध्याय एवं ईश्वरप्रणिधान-इन पांच नियमों के पालन में सदैव सजग रहना चाहिए। योगासनों का अभ्यास करवाते हुए उन्होंने वज्रासन के लाभ बताते हुए कहा कि यह आसन हमारी पाचनशक्ति को बेहतर करता है एवं जांघ और पिण्डली की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। आसन की विधि बताते हुए उन्होंने बताया कि दोनों पैरों को मिलाकर बैठें,हाथ शरीर के बगल में हों,हथेलियां जमील पर हों। बारी बारी से दोनों पैरों के घुटने मोड़कर हाथों को घुटनों पर इस प्रकार रखें कि हाथों की अंगुलियां सामने की ओर इशारा करती हों। पैरों के अंगूठे मिले हुए हों व एड़ियां खुली हुई हों तथा नितंब दोनों एड़ियों के बीच हों। मेरुदंड को सीधा रखते हुए,आंखे बंद करके इस अवस्था में कम से कम 10 से 30 सेकंड्स तक बैठें। बवासीर के मरीज और घुटने के दर्द से पीड़ित तथा एड़ी की चोट से ग्रस्त व्यक्तियों को इस आसन के अभ्यास से बचना चाहिए। उन्होंने उपस्थित साधकों को

# पांचाल समाज के समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुँची पूर्व हल्का खरखौदा प्रत्याशी मीना नरवाल




**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी** पांचाल समाज सेवा संघ खरखौदा द्वारा रविवार को दिल्ली रोड स्थित जय नारायण धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व हल्का खरखौदा प्रत्याशी मीना नरवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने पांचाल समाज द्वारा दिए गए मान-सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा और संस्कारों से ही संभव है। प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर खरखौदा नगरपालिका चैयरमैन हीरा लाल इंदौरा, मनीष नरवाल सहित पांचाल समाज के गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार जताया। पांचाल समाज सेवा संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और समाज में सकारात्मक माहौल बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं।

## समझौते का दबाव बनाने, मारपीट व जातिसूचक टिप्पणी के आरोप में केस दर्ज

**रादौर, 7 जून (कुलदीप सैनी) :** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर रादौर थाना पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी देने और अनुसूचित जाति के व्यक्ति के प्रति कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।
शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पहले से दर्ज एक धोखाधड़ी के मामले में समझौते का दबाव बनाने के लिए उसे और उसके पुत्र को रादौर बुलाया गया। वहां समझौता न करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जान से मारने की धमकी दी गई तथा कथित रूप से जातिसूचक टिप्पणियां की गईं।
शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्हें जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मानसून से पहले राक्षी नाले की सफाई की मांग, विभाग ने दिया आश्वासन

**रादौर, 7 जून (कुलदीप सैनी)** : मानसून सीजन नजदीक आने के साथ ही क्षेत्र के राक्षी और चंतग नालों की सफाई को लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बरसात के दौरान ये नाले सैकड़ों गांवों के लिए जीवन रेखा होने के साथ-साथ सफाई के अभाव में परेशानी का कारण भी बन जाते हैं। ऐसे में समय रहते नालों की सफाई और मरम्मत कार्य पूरा किया जाना जरूरी है।



गांव टोपरा खुर्द के कुलदीप और सुनील कुमार ने बताया कि उनके गांव के पास से गुजरने वाले राक्षी नाले की सफाई और पटरी निर्माण का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान नाले में पानी का बहाव बाधित होने से आसपास के गांवों और फसली क्षेत्र में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सफाई कार्य शुरू कराने की मांग की है।

उधर सिंचाई विभाग के जेई पारस ने बताया कि राक्षी नाले की सफाई का टेंडर जारी हो चुका है और गांव सुडैल से कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नाले के कुछ हिस्सों में पुनरुद्धार कार्य तथा शेष हिस्से में सफाई करवाई जाएगी। विभाग का लक्ष्य 30 जून से पहले पूरे राक्षी नाले की सफाई का कार्य पूरा कर मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना है।

**न्यूज फ्लैश**

## ओवरलोड ट्रक पकड़ने गई टीम पर हमला, चालक ट्रक लेकर फरार

**रादौर, 7 जून (कुलदीप सैनी)** : माइनिंग नाका चेकिंग के दौरान ओवरलोड ट्रक को पकड़ने गई टीम पर कथित हमले का मामला सामने आया है। ग्राम सचिव एवं माइनिंग नाका प्रभारी विशाल कुमार की शिकायत पर रादौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार चेकिंग के दौरान एक ट्रक ओवरलोड पाया गया, जिसके बाद उसे पुलिस कार्रवाई के लिए थाने में भेजा गया। आरोप है कि ट्रक चालक और उसके साथी ने साथ गए कर्मचारी रमेश कुमार के साथ मारपीट की तथा ट्रक लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एसडीएम जगाधरी की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 8 वाहन सीज

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर,** 7 जून- उपायुक्त प्रीति के निदेर्शानुसार उपमंडल अधिकारी जगाधरी विश्वनाथ ने अवैध खनन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई की। यह अभियान रविवार 7 जून को सुबह 7 बजे शुरू किया गया, जिसके दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जांच एवं निरीक्षण किया गया।
उक्त कार्रवाई के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए गए 8 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही ओवरलोडिंग तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 3 लाख 47 हजार रुपये के चालान किए गए।
एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि अवैध खनन के मामलों में नियमानुसार जुमार्ना लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित मामलों की सूचना खनन विभाग को भेज दी गई है। इसके अतिरिक्त जीएसटी चोरी की संभावनाओं को देखते हुए नियमानुसार कार्रवाई हेतु जीएसटी विभाग को भी सूचित किया गया है।
उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा राजस्व हानि पहुंचाने वाली गतिविधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य अवैध खनन एवं परिवहन की गतिविधियों शून्य करना है ताकि सरकार के राजस्व में वृद्धि हो और अत्याधिक अवैध खनन को रोक कर पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान होने से बचाया जा सके।

## मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियां जारी- जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति



**नितिन सिंगला जगाधरी**
यमुनानगर, 7 जून- उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग के निदेर्शानुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं आपत्तियों के निपटान की प्रक्रिया निर्धारित तिथियों के अनुसार पूरी की जाएगी।

# हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसायटी की मासिक बैठक का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 7 जून (कुलदीप सैनी) :** हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसायटी की मासिक बैठक शहीद उधम सिंह काम्बोज धर्मशाला में प्रधान ओमप्रकाश बड़शामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों ने उनकी लंबित मांगों पर सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय न लिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार की आलोचना की। बैठक में पेंशनरों ने कैशलेस स्वास्थ्य योजना को सभी बीमारियों पर लागू करने, मेडिकल भत्ता बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रतिमाह करने तथा 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी करने पर क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ देने की मांग उठाई। इस मौके पर मास्टर बलजीत सिंह रोहिला, कुलदीप शर्मा, राजपाल, रामेश्वर दास, रामचन्द्र सैनी, अमृत लाल, बुद्धिबल, हंसराज, चानन दास, नरोतम नागर, सतीश, कूडाराम, ऋषिपाल, वीरसिंह आदि मौजूद रहे

# भौतिक विज्ञान पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**कार्यक्रम**

**कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स पर्सन्स राजन शर्मा और मोनिका जैन ने किया**



**लाडवा, 7 जून (विजय कौशिक)** सीबीएसई के तत्वावधान में संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा, लाडवा में वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं के लिए भौतिक विज्ञान पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन्स राजन शर्मा और मोनिका जैन ने किया और इसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों (कुरुक्षेत्र, यमुना नगर, अंबाला, करनाल, कैथल, पंचकुला) और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के 60 भौतिक विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। सीबीपी का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। रिसोर्स पर्सन्स एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा, ह्लसीबीएसई की विषय-विशिष्ट सीबीपी की पहल यह सुनिश्चित करती है कि शिक्षक भौतिक विज्ञान में नवीनतम शिक्षण विधियों और मूल्यांकन पद्धतियों से अवगत रहें।ह्व दो दिनों के दौरान आयोजित प्रमुख सत्रों में पाठ्यक्रम अद्यतन, अधिगम परिणाम, वास्तविक जीवन के उदाहरणों सहित भौतिकी का प्रशिक्षण, ब्लूम का वर्गीकरण, पाठ योजना, अच्छे प्रश्न पत्र तैयार करने के लिए ब्लूप्रिंट का महत्व, कम लागत वाली शिक्षण सामग्री, सामान्य त्रुटियाँ और उनके निवारण, ऑनलाइन कमाई के संसाधन और व्यावहारिक कौशल शामिल थे। रोसोर्स पर्सन राजन शर्मा ने तरंग प्रकाशिकी, ईएमआई और अर्धचालक जैसी कठिन अवधारणाओं को समझाने के लिए कम लागत वाले प्रयोगों और सिमुलेशन का प्रदर्शन किया। रोसोर्स पर्सन मोनिका जैन ने शिक्षकों को सीबीएसई दिशानिर्देशों के अनुसार योग्यता-आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न, केस स्टडी प्रश्न और अभिकथन-कारण प्रश्न तैयार करने का प्रशिक्षण दिया। सत्र समूह गतिविधियों, पाठ योजना कार्यों और सहपाठियों की प्रस्तुतियों के साथ अंतःक्रियात्मक थे। शिक्षकों ने किरण प्रकाशिकी और विद्युतस्थैतिकी पर नमूना पाठ योजनाएँ तैयार कीं और रिसोर्स पर्सन्स से प्रतिक्रिया प्राप्त की। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की और उनसे भौतिकी कक्षाओं को अधिक अनुप्रयोग-उन्मुख बनाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ₹जब छात्र दैनिक जीवन में भौतिक विज्ञान को देखते हैं, तो वे इस विषय से डरना बंद कर देते हैं।₹ प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने रिसोर्स पर्सन्स को स्मृति चिन्ह के रूप में तुलसी के पौधे भेंट करके सम्मानित किया।

# करनाल में महाबैठक में कश्यप समाज की एकजुटता का शक्ति प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 7 जून (मैनपाल कश्यप )** करनाल स्थित कश्यप धर्मशाला में रविवार को कश्यप महापंचायत हरियाणा की प्रदेश स्तरीय महाबैठक का भव्य आयोजन किया गया। इस महाबैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में पहुंचे कश्यप समाज के लोगों ने भाग लेकर समाज की एकता और संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कश्यप महापंचायत हरियाणा के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुशील कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी घरौंडा हल्का अध्यक्ष सत्यवान कश्यप व आशु कश्यप ने निभाई। मंच का संचालन कश्यप महापंचायत हरियाणा के कानूनी सलाहकार राजपाल कश्यप ने किया।
महाबैठक के दौरान समाज के उत्थान, युवाओं के भविष्य, राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक जागरूकता तथा संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। कार्यक्रम में युवा प्रदेश अध्यक्ष सुशील कश्यप ने संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज हित में कार्य करने की बधाई देते हुए कहा कि कश्यप समाज अब केवल वोट बैंक बनकर नहीं रहेगा, बल्कि अपने अधिकारों और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व के लिए संगठित होकर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।
प्रदेश अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने कहा कि समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सही दिशा देने के लिए प्रदेशभर में रोजगार मार्गदर्शन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर सरकारी एवं निजी क्षेत्र की नौकरियों, प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के व्यवसायियों, किसानों, कर्मचारियों और युवाओं को एक साझा मंच पर लाकर आर्थिक सहयोग की एक मजबूत व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे समाज आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बन सके।
अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने वर्तमान सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कश्यप समाज ने हमेशा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है, लेकिन समाज को उसकी जनसंख्या और योगदान के अनुरूप राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला। उन्होंने कहा कि समाज को उसके अधिकार और सम्मानजनक हिस्सेदारी दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

# डंपिंग यार्ड योजना के विरोध में उतरे बुबका के ग्रामीण, जताई नाराजगी



**रादौर, 7 जून (कुलदीप सैनी) :** नगरपालिका द्वारा बुबका रोड पर डंपिंग यार्ड योजना के विरोध में रविवार को गांव बुबका में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने गांव के निकट कचरा निस्तारण केंद्र न बनाने की मांग उठाई। बैठक के बाद सरपंच प्रतिनिधि छोटेलाल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन डंपिंग यार्ड को किसी अन्य उपयुक्त और दूरस्थ स्थान पर स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित भूमि पहले ही प्रजापति समाज को मिट्टी के बर्तन निर्माण के लिए आवंटित की हुई है, इसलिए वहां डंपिंग यार्ड बनाना उचित नहीं है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि यदि इस भूमि का उपयोग करना है तो वहां कोई जनकल्याणकारी संस्था स्थापित की जाए। बैठक में ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने ग्रामीणों की मांगों की अनदेखी की तो बुबका सहित आसपास के गांवों के लोग एकजुट होकर इस परियोजना का विरोध करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता विनोद कुमार, सोहनलाल वर्मा, उमेश बुबका, रविकांत, नंबरदार प्रवेश कुमार, ताराचंद, विनीत कुमार, प्रमोद कुमार, गुरमीत, नाथीराम, सुरेश कुमार, मनीष कुमार, जसमेर, रमेश कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# संपादकीय

## महंगी शिक्षाः प्रतिभा और अवसर के बीच दीवार

**शिक्षा** को किसी भी सभ्य समाज की रीढ़ और उज्जवल भविष्य की नींव माना जाता है। भारत में पारंपरिक रूप से शिक्षा को एक पवित्र सेवा और ज्ञान की साधना के रूप में देखा गया है। लेकिन बदलते दौर के साथ, आज शिक्षा का परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। वर्तमान समय में शिक्षा का तेजी से व्यवसायीकरण हुआ है, जिसने इसे एक महंगे 'प्रोडक्ट' में तब्दील कर दिया है। इस बढ़ती महंगाई के बीच सबसे बड़ा नुकसान देश के मध्यमवर्गीय और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के होनहार बच्चों को हो रहा है, जिनके बड़े-बड़े सपने इस भारी-भरकम फीस के बोझ तले दबकर दम तोड़ रहे हैं। आज के दौर में प्ले-स्कूल से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक, शिक्षा का खर्च आम आदमी के बजट से बाहर हो चुका है। निजी स्कूलों की सालाना फीस, डोनेशन, किताबों और यूनिफॉर्म के नाम पर होने वाली वसूली ने अभिभावकों की कमर तोड़ दी है।

जब बात उच्च शिक्षा जैसे–मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रबंधन या सिविल सर्विसेज की कोचिंग की आती है, तो यह खर्च लाखों-करोड़ों में पहुंच जाता है। एक आम वेतनभोगी या किसान माता-पिता के लिए अपने बच्चे को किसी अच्छे निजी संस्थान में पढ़ाना एक अवास्तविक सपना जैसा लगने लगा है। नतीजा यह होता है कि प्रतिभा होने के बावजूद कई बच्चे उन पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं ले पाते, जिनके वे हकदार हैं।

कोचिंग हब और 'सपनों की मंडी':

आज देश में कोचिंग इंस्टिट्यूट्स का एक समानांतर शिक्षा तंत्र खड़ा हो गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए इन कोचिंग सेंटरों को अनिवार्य मान लिया गया है। लेकिन इन संस्थानों की फीस इतनी अधिक है कि यह केवल संपन्न परिवारों तक ही सीमित होकर रह गई है।

समान अवसर का अभावः ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के बच्चे, जो महंगी कोचिंग की फीस नहीं भर सकते, वे शुरूआत में ही इस दौड़ में पीछे छूट जाते हैं।

मानसिक तनावः जो परिवार कर्ज लेकर या अपनी जमीन बेचकर बच्चों को इन कोचिंग हब में भेजते हैं, उन बच्चों पर सफलता का एक मानसिक दबाव बन जाता है। उम्मीदों का यह बोझ कई बार युवा मानसिक रूप से संभाल नहीं पाते।

एजुकेशन लोनः राहत या अंतहीन कर्ज का जाल?:

महंगी उच्च शिक्षा के विकल्प के रूप में 'शिक्षा ऋण' को एक समाधान के रूप में पेश किया जाता है। लेकिन हकीकत इसके उलट हैः

1. गारंटर और सुरक्षा की शर्तः बैंक से लोन लेने के लिए भी कई बार कड़े नियम और गारंटर की आवश्यकता होती है, जिसे गरीब परिवार पूरा नहीं कर पाते।
2. बेरोजगारी और मंदी का सायाः पढ़ाई पूरी होने के तुरंत बाद नौकरी मिलने की कोई गारंटी नहीं होती। देश में डिग्री धारक युवाओं की संख्या और उपलब्ध रोजगार के बीच एक बड़ा अंतर है।

# आलीशान कोठियों, बढ़ती संपत्तियों और जवाबदेही के सवाल

डॉ. सत्यवान सौरभ

> "वास्तविक स्वामित्व और धन के स्रोत का पता लगाना कठिन हो जाता है। सरकार ने बेनामी लेन-देन रोकने के लिए कानून बनाए हैं, लेकिन इनका प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी चुनौती बना हुआ है। जब तक संपत्ति के वास्तविक लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक वित्तीय पारदर्शिता का लक्ष्य अधूरा रहेगा। तकनीकी दृष्टि से देखें तो आज संपत्ति की जांच पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो चुकी है। आयकर रिटर्न, डिजिटल भुगतान, संपत्ति पंजीकरण, जीएसटी रिकॉर्ड और विभिन्न सरकारी डेटाबेस के माध्यम से किसी भी व्यक्ति की वित्तीय गतिविधियों का व्यापक विश्लेषण किया जा सकता है"

**देश** में जब भी भ्रष्टाचार, काले धन और आय से अधिक संपत्ति की चर्चा होती है, तब आम नागरिक के मन में एक सवाल बार-बार उठता है–आखिर संपत्ति की व्यापक और निष्पक्ष जांच कब होगी? शहरों के सेक्टरों, पॉश कॉलोनियों और विकसित क्षेत्रों में खड़ी होती आलीशान कोठियां, महंगे फार्म हाउस, बहुमंजिला इमारतें और करोड़ों रुपये की अचल संपत्तियां अक्सर लोगों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं। यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि इन संपत्तियों का निर्माण किन आय स्रोतों से हुआ है और क्या इनकी कीमत संबंधित व्यक्तियों की घोषित आय के अनुरूप है। यह प्रश्न किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा हुआ है। लोकतंत्र में नागरिकों का विश्वास तभी मजबूत रहता है जब उन्हें यह भरोसा हो कि कानून सबके लिए समान है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मेहनत, प्रतिभा, व्यवसाय, नौकरी या निवेश के माध्यम से संपन्न बनता है तो यह उसकी सफलता का प्रमाण है और उसका सम्मान होना चाहिए। लेकिन जब किसी व्यक्ति की आय और संपत्ति के बीच असामान्य अंतर दिखाई देता है, तब जांच की मांग भी स्वाभाविक हो जाती है। संपत्ति अर्जित करना अपराध नहीं है, लेकिन उसकी वैधता और स्रोत का स्पष्ट होना आवश्यक है। यही सुशासन और जवाबदेही का मूल आधार है। आज भारत के अधिकांश शहरों में ऐसे क्षेत्र विकसित हो चुके हैं जहां करोड़ों रुपये की कोठियां और भवन खड़े हैं। इनमें से अधिकांश संपत्तियां निश्चित रूप से वैध साधनों से अर्जित की गई होंगी। देश में लाखों ऐसे व्यवसायी, उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक और उद्यमी हैं जिन्होंने वर्षों की मेहनत और संघर्ष से आर्थिक सफलता प्राप्त की है। उनके परिश्रम और उपलब्धियों पर संदेह करना न केवल अनुचित होगा बल्कि समाज में नकारात्मक संदेश भी देगा। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि कुछ मामलों में संपत्ति का आकार और घोषित आय के बीच ऐसा अंतर दिखाई देता है जो सवाल पैदा करता है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच लोकतांत्रिक व्यवस्था की



आवश्यकता है।

आम नागरिक की चिंता केवल संपत्ति को लेकर नहीं होती, बल्कि उस असमानता को लेकर भी होती है जो समाज में दिखाई देती है। एक ओर मध्यमवर्गीय परिवार जीवन भर की कमाई लगाकर एक घर बनाने के लिए संघर्ष करता है, बैंक ऋण लेता है और वर्षों तक उसकी किस्तें चुकाता है। दूसरी ओर कुछ लोग बहुत कम समय में अपार संपत्ति के मालिक बन जाते हैं। जब यह अंतर बहुत अधिक दिखाई देता है तो लोगों के मन में प्रश्न उठते हैं। यदि इन प्रश्नों का उत्तर पारदर्शी जांच और जवाबदेही के माध्यम से नहीं दिया जाता, तो व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ने लगता है। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों से अधिक पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है। सरकारी अधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि और सार्वजनिक संसाधनों के प्रबंधन से जुड़े लोग जनता के विश्वास के संरक्षक होते हैं। इसलिए उनकी आय और संपत्ति का विवरण अधिक स्पष्ट और सार्वजनिक होना चाहिए। यदि कोई सार्वजनिक सेवक अपनी वैध आय के अनुरूप संपत्ति अर्जित करता है तो उसे किसी जांच से डरने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि ऐसी जांच उसकी ईमानदारी को प्रमाणित करने का माध्यम बन सकती है। लेकिन यदि कहीं अनियमितता है, तो उसे कानून के दायरे में लाना भी उतना ही आवश्यक है। समस्या केवल घोषित संपत्तियों तक सीमित नहीं है। बेनामी संपत्ति भी देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। अनेक बार वास्तविक मालिक अपनी संपत्ति किसी रिश्तेदार, कर्मचारी या परिचित के नाम पर दर्ज करा देता है। इससे वास्तविक स्वामित्व और धन के स्रोत का पता लगाना कठिन हो जाता है। सरकार ने बेनामी लेन-देन रोकने के लिए कानून बनाए हैं, लेकिन इनका प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी चुनौती बना हुआ है। जब तक संपत्ति के वास्तविक लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक वित्तीय पारदर्शिता का लक्ष्य अधूरा रहेगा। तकनीकी दृष्टि से देखें तो आज संपत्ति की जांच पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो चुकी है। बैंकिंग व्यवस्था, आयकर रिटर्न, डिजिटल भुगतान, संपत्ति पंजीकरण, जीएसटी रिकॉर्ड और विभिन्न सरकारी डेटाबेस के माध्यम से किसी भी व्यक्ति की वित्तीय गतिविधियों का व्यापक विश्लेषण किया जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकें यह पहचानने में सक्षम हैं कि कहां घोषित आय और वास्तविक संपत्ति के बीच असामान्य अंतर मौजूद है। यदि इन साधनों का प्रभावी उपयोग किया जाए तो जांच प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और निष्पक्ष बन सकती है। यह भी आवश्यक है कि जांच का आधार केवल तथ्य और प्रमाण हों, न कि राजनीतिक या व्यक्तिगत हित। जनता का विश्वास तभी कायम रहेगा जब कानून का उपयोग चुनिंदा लोगों के खिलाफ नहीं बल्कि सभी के लिए समान रूप से किया जाएगा। यदि कोई सामान्य कर्मचारी अपनी आय का हिसाब देता है, तो प्रभावशाली व्यक्तियों, बड़े अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी वही मानक स्वीकार करने चाहिए। कानून की ताकत उसकी निष्पक्षता में होती है, न कि उसकी कठोरता में। अवैध संपत्ति का प्रभाव केवल सरकारी खजाने तक सीमित नहीं रहता। यह सामाजिक असमानता को भी बढ़ाता है। जब कुछ लोग नियमों को दरकिनार कर-के अनुचित लाभ प्राप्त करते हैं, तो वे उन लोगों से आगे निकल जाते हैं जो नियमों का पालन करते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि ईमानदार नागरिक स्वयं को हतोत्साहित महसूस करने लगते हैं। युवाओं में यह धारणा बनने लगती है कि सफलता का मार्ग मेहनत और प्रतिभा से अधिक प्रभाव और संपर्कों से होकर जाता है। यह स्थिति किसी भी समाज के लिए घातक है क्योंकि इससे नैतिक मूल्यों और सामाजिक विश्वास का क्षरण होता है। ईमानदार करदाताओं के सम्मान के लिए भी संपत्ति की पारदर्शी जांच आवश्यक है। जो लोग नियमित रूप से कर चुकाते हैं, अपनी आय का सही विवरण देते हैं और कानून का पालन करते हैं, उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि व्यवस्था उनके साथ न्याय कर रही है। यदि भ्रष्टाचार और अवैध संपत्ति पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो ईमानदार नागरिकों के मन में भी निराशा उत्पन्न होती है। इसके विपरीत, जब कानून निष्पक्ष रूप से लागू होता है तो उनका विश्वास मजबूत होता है और वे स्वयं को व्यवस्था का सम्मानित हिस्सा महसूस करते हैं। मीडिया और नागरिक समाज भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। खोजी पत्रकारिता, सूचना के अधिकार का उपयोग और सार्वजनिक विमर्श के माध्यम से अनेक मामलों में पारदर्शिता बढ़ी है।

हालांकि इस प्रक्रिया में जिम्मेदारी भी आवश्यक है। बिना प्रमाण किसी व्यक्ति पर आरोप लगाना या अफवाहों के आधार पर उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। इसलिए पारदर्शिता की मांग तथ्यों और दस्तावेजों पर आधारित होनी चाहिए।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## बिना किसी पहचान के नायकः जिन्होंने संकट में मानवता को बचाए रखा

सुनील

**इंसानियत** को सबसे बड़ा धर्म कहा जाता है, और हाल ही में मीडिया की सुर्खियों में आई एक घटना ने इस सत्य को फिर से प्रमाणित किया है।पाठक जानते होंगे कि दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में 3 जून 2026, बुधवार को सुबह लगभग 9:45 बजे भीषण आग लग गई, जिसमें 21 लोगों की जान चली गई। मृतकों में 11 विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जिनमें से अधिकांश अपने रिश्तेदारों के इलाज के लिए दिल्ली आए थे और उसी होटल में ठहरे हुए थे। इस दुखद घटना के दौरान एक तस्वीर ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तस्वीर में कई लोग होटल की ऊंचाई से सड़क पर बिछाए गए गद्दों पर कूदकर अपनी जान बचाते दिखाई दिए। मीडिया में प्रकाशित समाचारों के अनुसार यह साहसिक और सूझबूझ भरा कार्य होटल के ठीक सामने गद्दों की दुकान चलाने वाले रियाजुद्दीन मंसूरी और उनके बेटे अरमान मंसूरी ने किया था। आग की भयावहता को देखते हुए उन्होंने तुरंत अपनी दुकान के गद्दे सड़क पर बिछा दिए, जिससे होटल में फंसे लोग उन पर कूदकर सुरक्षित बाहर निकल सके।उपलब्ध जानकारी के अनुसार सड़क पर बिछाए गए गद्दों पर एक बार में सात से आठ लोगों ने छलांग लगाई, जबकि बाद में यह संख्या बढ़कर बारह से पंद्रह लोगों तक पहुंच गई। इस प्रयास से कई लोगों की जान बच गई। रियाजुद्दीन और उनके बेटे ने केवल इतना ही नहीं किया, बल्कि उन्होंने घायलों को बाहर निकालने में भी सहायता की और उन्हें अस्पताल भिजवाने के लिए चादरें तथा अन्य आवश्यक कपड़े उपलब्ध कराए। यहां तक कि एंबुलेंस से शव ले जाने के लिए भी उन्होंने बेडशीट और रजाइयों के कवर दिए। इस मानवीय कार्य के दौरान उनकी दुकान का काफी सामान नष्ट हो गया। हालांकि, इस लेख के लिखे जाने तक उनके नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिली थी। इसके बावजूद रियाजुद्दीन मंसूरी इस बात से संतुष्ट हैं कि उन्होंने संकट की घड़ी में लोगों की जान बचाने में योगदान दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आग देखकर जब हमें लगा कि शायद लोग नहीं बच पाएंगे, तो हमने अपनी दुकान के गद्दे रोड पर बिछा दिए। उस पर एक बार में सात से आठ लोग कूदे। फिर उनकी संख्या बढ़कर 12 से 15 हो गई। ये सब सुरक्षित बच गए। फिर हमने एंबुलेंस से बॉडी ले जाने के लिए भी बेड-शीट और रजाई के कवर दिए। मदद का सुकून है, पर दुकान के माल की भरपाई के लिए कोई नहीं आया।' रियाजुद्दीन मंसूरी ने यह भी बताया कि यदि होटल का दूसरा निकास द्वार खुला होता, तो और अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इस दुर्घटना के दौरान मालवीय नगर थाने में तैनात हवलदारों और सिपाहियों ने भी राहत एवं बचाव अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विचार

## सनातन संस्कृति की ऋचाओं में पर्यावरण संतुलन के मूलमंत्र

विवेक रंजन श्रीवास्तव

भारतीय संस्कृति में प्रकृति जड़ वस्तु, उपभोग की सामग्री या भूगोल की सीमा नहीं रही। उसे चैतन्य और सजीव मानकर परिवार के अति महत्वपूर्ण सदस्य की तरह पूजा गया है। सदियों से अबाध चली आ रही हमारी परंपराओं, त्योहारों, लोक-कथाओं और मेलों के अंतस को टटोलें, तो समझ आता है कि हमारे पूर्वज आज के इको-सिस्टम (पारिस्थितिकी तंत्र) और सस्टेनेबिलिटी के सिद्धांतों को कितनी आत्मीय गहराई से मानते थे। वे जानते थे कि मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं, उसका एक अंश मात्र है। इसीलिए अथर्ववेद के भूमि सूक्त में स्पष्ट उद्घोष किया गया है-₹माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः।₹अथार्तः यह भूमि मेरी माता है और मैं इस पृथ्वी का पुत्र हूँ। जब मातृभाव का यह बोध रगों में बहता हो, तो शोषण की गुंजाइश स्वतः समाप्त हो जाती है। जिसे आज की आधुनिक दुनिया पर्यावरण संरक्षण के भारी-भरकम तकनीकी नाम से पुकारती है, वह भारत के लिए कभी कोई अलग से सीखने का विषय था ही नहीं। वह तो हमारी दिनचर्या, हमारी लोरियों और हमारे संस्कारों का सहज हिस्सा था। शायद यही सहजता आज प्रकृति के लिए हमारी उपेक्षा में बदल गई है जैसे अपने परिवार को ही हम टेक इट ग्रांटेड ले लेते हैं।

सुबह की पहली किरण के साथ सूर्य को अर्घ्य देना हो या आकाश में मुकुट की तरह चमकते चंद्रमा की शीतलता को नमन करना, भारतीय मनीषियों ने ब्रह्मांड की हर ऊर्जा को देवत्व से जोड़ा। यह कोई अंधविश्वास या कोरी भावुकता नहीं, बल्कि उस असीम कॉस्मिक एनर्जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर, ललित माध्यम था, जो इस नीली धरती पर जीवन के स्पंदन को बनाए रखती है। ईशावास्योपनिषद का पहला ही श्लोक हमें जीवन का यही संतुलन सिखाता है-₹ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥₹अर्थात, इस चराचर जगत में जो कुछ भी है, वह ईश्वर से व्याप्त है। अतः इसका उपभोग त्याग भाव से करो, किसी और के धन का लोभ मत करो। यह त्यागपूर्वक उपभोग ही भारतीय पर्यावरण चेतना का मूलमंत्र है, जो हमें लालच की जगह संतोष की ओर मोड़ता है।

इसी तरह, जब हम नदियों को केवल पानी का विशाल स्रोत या हाइड्रो-रिसोर्स न मानकर माता कहते हैं, तो उनके प्रति हमारा पूरा दृष्टिकोण ही बदल जाता है। गंगा, यमुना, नर्मदा और गोदावरी जैसी जीवनदायिनी नदियों के तटों पर सजने वाले कुंभ या कार्तिक स्नान जैसे विशाल मेले केवल धार्मिक समागम नहीं हैं, वे जल की महत्ता और उसकी शुचिता के प्रति सामूहिक चेतना के महा उत्सव हैं। ये मेले याद दिलाते हैं कि नदियां केवल पानी नहीं ढोतीं, वे संस्कृतियों को सींचती हैं, सभ्यताएं इन्हीं के आंचल में जनमती और जवान होती हैं।

नदियों के साथ-साथ हमारे पर्वतों को केवल पत्थरों का सुदूर ढ़ेर नहीं, बल्कि देवताओं का अभेद्य निवास, नदियों का उद्गम और हमारी अडिगता का प्रतीक माना गया।

श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए कहते हैं- स्थावराणां हिमालयः अर्थात स्थिर रहने वालों में मैं हिमालय हूँ।

गोवर्धन पूजा जैसी हमारी लोक-परंपराएं सीधे तौर पर पहाड़ों, जंगलों और गोधन की उपयोगिता के प्रति समाज का सामूहिक ऋण-स्वीकार हैं।

वनस्पतियों की बात करें तो पीपल, बरगद, नीम, आंवला और तुलसी को पूजनीय बनाकर हमारे पुरखों ने दीर्घायु, घनी छाया और प्रचुर ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों की सुरक्षा की एक अचूक प्राकृत ढाल तैयार कर दी थी। 'वृक्षायुर्वेद' में वृक्षों की महिमा गाते हुए लिखा गया है-दशकूपसमा वापी, दशवापीसमो ह्रदः। दशह्रदसमः पुत्रो, दशपुत्रसमो द्रुमः॥ अर्थात दस कुओं के बराबर एक बावड़ी होती है, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब होता है, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र होता है और दस पुत्रों के समान एक वृक्ष होता है। एक वृक्ष को दस पुत्रों के समान पुण्यदायी मानकर समाज ने वट सावित्री या आंवला नवमी जैसे त्योहारों के बहाने इन जीवन रक्षक वनस्पतियों को कुल्हाड़ी के प्रहार से बचाया और भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखा। वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं कार्बन क्रेडिट और ग्लोबल वॉर्मिंग के लंबे अनुसधानों के बाद जो आकलित कर रही हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर – 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

ई–मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## क्या पुतिन ने एक वाक्य में बदलती दुनिया का सच कह दिया?

आरके जैन

**इतिहास** के कठिन दौर ही रिश्तों की असली परीक्षा लेते हैं। ऐसे समय में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत को दुनिया के सबसे भरोसेमंद साझेदारों में से एक बताना महज कूटनीतिक वाक्य नहीं है। 4 जून 2026 को सेंट पीटर्सबर्ग में दिया गया उनका बयान ऐसे समय आया, जब यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया नए राजनीतिक खाँचों में बँटती दिख रही है। प्रतिबंधों से घिरा रूस अपने विश्वसनीय मित्रों को पहचान रहा है और भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से अलग सम्मान पा रहा है। पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए भारत पर पश्चिमी दबाव को ह्लनिष्फल और प्रतिकूलह्व बताया। यह केवल मित्रता की प्रशंसा नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व की स्वीकारोक्ति है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में शब्द अक्सर परिस्थितियों का आईना होते हैं। पुतिन की भारत-प्रशंसा को भी इसी संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए। यूक्रेन संघर्ष के बाद रूस पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनीतिक दबाव का सामना कर रहा है। ऐसे समय में भारत उन विरले देशों में रहा, जिसने अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार रूस से संबंध बनाए रखे। न उसने किसी दबाव के आगे झुकना स्वीकार किया, न अपनी विदेश नीति का मार्ग बदला। पुतिन भलीभांति समझते हैं कि भारत जैसा मित्र केवल आर्थिक सहयोगी नहीं, बल्कि कूटनीतिक संबल भी है। इसलिए उनका यह बयान प्रशंसा से अधिक उस विश्वास की अभिव्यक्ति है, जिस पर रूस भविष्य की अपनी रणनीति का एक महत्वपूर्ण आधार देखता है। पुतिन के बयान का एक संभावित संकेत चीन की ओर भी है। रूस और चीन भले ही अटूट साझेदारी का दावा करें, लेकिन उनके संबंधों में रणनीतिक सतर्कता बनी रहती है।

चीन की बढ़ती आर्थिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति ने एशिया का शक्ति-संतुलन बदल दिया है। मॉस्को समझता है कि बीजिंग पर अत्यधिक निर्भरता उसकी स्वतंत्र भूमिका को सीमित कर सकती है। ऐसे में भारत के साथ मजबूत संबंध उसे संतुलन देते हैं। यही कारण है कि पुतिन ने ब्रह्मोस, रक्षा सहयोग और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी साझेदारी का विशेष उल्लेख किया।

## कोकरोच जनता पार्टीः एक नाम नहीं, एक पीढ़ी का सवाल

अवनीश कुमार गुप्ता

**भारतीय** लोकतंत्र के इतिहास में अनेक ऐसे क्षण आए हैं जब व्यवस्था के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज ने अचानक राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले लिया। कभी यह आवाज किसान आंदोलनों के रूप में सामने आई, कभी भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों के रूप में और कभी युवाओं की आकांक्षाओं के रूप में। जंतर-मंतर पर दिखाई दिया कोकरोच जनता पार्टी का आंदोलन भी उसी परंपरा की एक नई कड़ी प्रतीत होता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका जन्म किसी पारंपरिक राजनीतिक संगठन से नहीं, बल्कि व्यंग्य, सोशल मीडिया और युवाओं की निराशा से हुआ। यही कारण है कि इसे केवल एक राजनीतिक घटना के रूप में नहीं, बल्कि समकालीन भारत की सामाजिक मनोदशा के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाना चाहिए।

कुछ समय पहले तक "कोकरोच जनता पार्टी" नाम को अधिकांश लोग एक इंटरनेट व्यंग्य के रूप में देखते थे। किंतु इतिहास बताता है कि कई बार व्यंग्य ही सबसे गंभीर राजनीतिक प्रश्नों को जन्म देता है। व्यंग्य व्यवस्था की उन कमजोरियों को उजागर करता है जिन्हें सामान्य राजनीतिक भाषा अक्सर छिपा देती है। कोकरोच का प्रतीक भी इसी कारण महत्वपूर्ण है। यह उस जीव का प्रतीक है जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जीवित रहता है। आंदोलन से जुड़े युवाओं ने इसे उस भारतीय नागरिक का रूपक बनाया जो लगातार चुनौतियों, अनिश्चितताओं और निराशाओं के बावजूद अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता रहता है। जंतर-मंतर पर हुए हालिया प्र दर्शन ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह आंदोलन केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समाचार संस्थानों ने रिपोर्ट किया कि बड़ी संख्या में छात्र, प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी और युवा प्रदर्शन में शामिल हुए। उनकी मांगों का केंद्र शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, परीक्षा प्रबंधन की जवाबदेही और युवाओं के भविष्य से जुड़े प्रश्न थे। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

## न्यूज फ्लैश

### भारत विकास परिषद ने लगाए पक्षियों के लिए पानी के कसोरे



**लाड़वा 7, जून (विजय कौशिक ) :** बढ़ती गर्मी और जल संकट को देखते हुए भारत विकास परिषद लाडवा के सामाजिक कार्यकताओं एवं जागरूक नागरिकों ने पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर पानी के कसोरे लगाए।

इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, और पेड़ों के आसपास पानी से भरे कसोरे रखे गए। परिषद अध्यक्ष राजीव आर्य ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों और आसपास के क्षेत्रों में भी पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें तथा नियमित रूप से कसोरों में स्वच्छ पानी भरते रहें।उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पक्षियों के संरक्षण और उनके प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। गर्मी के मौसम में ऐसे प्रयास पक्षियों के जीवन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

### युवा अग्रवाल सभा ने लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील




**लाडवा 7 जून (विजय कौशिक) :** युवा अग्रवाल सभा लाडवा द्वारा भयंकर गर्मी को देखते हुए महाराजा अग्रसेन चौक पर ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया । जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी सचिन गर्ग ने महाराजा अग्रसेन जी की विशालकाय प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन चढ़ा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर के किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सचिन गर्ग ने युवा अग्रवाल सभा द्वारा लगाई गई ठंडे मीठे पानी की छबील बारे युवा साथियों की भूरि भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह प्रयास उनका बहुत ही सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि युवा सभा भविष्य में भी ऐसे आयोजन करती रहे। जिसमें उनका हमेशा सहयोग उनके साथ रहेगा। युवा अग्रवाल सभा के प्रधान हिमांशु गोयल ने कहा कि आजकल भयंकर गर्मी पड़ रही है। इसी को देखते हुए उन्होंने लोगों व राजगीरों की प्यास बुझाने का एक छोटा सा प्रयास किया है। उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि भयंकर गर्मी के चलते लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए अन्यथा शरीर में पानी की कमी होने के कारण कई भयंकर बीमारियों से जूझना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जहां तक हो सके प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक घर से तभी निकलें जब ज्यादा जरूरी हो। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें बेजुबान पक्षियों के लिए भी जगह-जगह पानी के कसोरे लगाकर उनकी भी प्यास बुझाने का प्रयास करना चाहिए। जो एक बहुत ही पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधान विकास सिंगला, समाजसेवी सचिन गर्ग, शालू बंसल, रोहित गर्ग, वंश कंसल, कपिल गुप्ता, कार्तिक सिंगला, शुभम सिंगल, पूर्वक कंसल, केशव तायल, पार्थ गोयल, शोभित गर्ग, आशीष गर्ग, पुलकित, शिवम तायल, निखिल गोयल, शशांक सिंगला, केशव अग्रवाल, अभी गर्ग आदि भी उपस्थित रहे।

# अनिल विज ने निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

**रक्तदान शिविर**

**प्रत्येक रक्तदाता को अपने स्वैच्छिक कोष से 1100-1100 रुपए प्रदान कर हौंसला बढ़ाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**:संत निरंकारी चैरिटेबल फांउडेशन ट्रस्ट द्वारा संत निरंकारी भवन रेस कोर्स रोड अम्बाला छावनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के परिवहन, उर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए रिब्बन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने संत निरंकारी चैरिटेबल फांउडेशन ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष यहां पर रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने की सराहना की। उन्होंनें कहा कि यह ट्रस्ट निस्वार्थ भाव से मानव सेवा के हित में जो कार्य कर रहे है वह अनुसरणीय है। उन्होंने कहा कि सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में निरंकारी संस्था द्वारा जो कार्य किए जा रहे है उससे अन्य को भी प्रेरणा मिलती हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। एक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान आवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम अमूल्य जिन्दगीयों को बचा सकते हैं। उन्होंनें यह भी कहा कि रक्त की आपूर्ति केवल मानव शरीर से ही सम्भव हैं, रक्त का और कोई वैकल्पिक साधन नहीं हैं और न ही रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार किया जा सकता हैं। उन्होनें इस मौके पर स्वैच्छा से रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को 1100-1100 रूपए की राशि प्रोत्साहन के रूप में देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर संत निरंकारी चैरिटेबल फांउडेशन ट्रस्ट अम्बाला के प्रधान नवतेज सेठी ने कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर अभिनन्दन किया और बताया कि संत निरंकारी मिशन वर्ष 1986 से रक्तदान अभियानों के माध्यम से मानवता की सेवा में निरंतर समर्पित है। अब तक देश भर में 9,174 से अधिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15 लाख यूनिट रक्त दिया जा चूका हैं, जो मिशन को देश के सबसे बड़ी स्वैच्छिक रक्तदान अभियानों में से एक बनाता हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीएम परिसर में हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**इंद्री 7 जून (मैनपाल कश्यप** )विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को इंद्री एसडीएम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इंद्री के चेयरमैन उदय प्रताप सिंह के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य लोगों ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी करें, ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। उपस्थित लोगों ने हर वर्ष अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, लाठी-डंडों से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। शहर के आनंद विहार में देर रात डीजे की तेज आवाज को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले बहस हुई और फिर देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले। इस झगड़े में एक गर्भवती महिला और एक बुजुर्ग महिला घायल हो गईं। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पक्ष के आनंद विहार निवासी कौशल ने बताया कि वह एक प्राइवेट स्कूल में इलेक्ट्रिशियन का काम करता है।

## भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत : प्रवीण लाठर

**बैठक**

**घरौंडा स्थित मंडल सचिव शिवानी कश्यप के निवास पर घरौंडा मंडल की बैठक सम्पन्न हुई।**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने हेतु घरौंडा स्थित मंडल सचिव शिवानी कश्यप के निवास पर घरौंडा मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर मुख्य वक्ता के तौर पर सम्मिलित हुए।

घरौंडा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बैठक में मौजूद सभी कार्यकताओं ने अपने विचार साझा किए।

जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा का संगठन उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन के निर्धारित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी कार्यकताओं को संगठन को और अधिक मजबूत एवं सशक्त बनाने हेतु पूर्ण समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने का भी आह्वान किया।

इस अवसर पर घरौंडा मंडल प्रभारी साहिल मदान, बीएलए-1 खेमपाल गोस्वामी सहित अन्य मंडल पदाधिकारीगण, शक्ति केंद्र प्रमुख, प्रभारी एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ के युवक ने करनाल में किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
चंड़ीगढ़ के युवक ने करनाल में सुसाइड कर लिया। वह जब ड्यूटी पर नहीं पहुंचा, तो उसके साथी कर्मचारी ने कई बार फोन किया, लेकिन जब कॉल रिसीव नहीं की, तो वह उसके घर पहुंचा, जहां पर उसकी लाश फंदे पर लटकी हुई थी।

इसके बाद पुलिस को बुलाया, फिर दरवाजा तोडकर उसको बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जांच में सामने आया वह यहां पर एक नैनीताल की महिला के साथ लिव-इन में रहता था। दो दिन पहले दोनों के बीच फोन पर विवाद भी हुआ था।

मृतक की पहचान 25 वर्षीय रोहित कुमार के नाम से हुई है। वह करनाल के मॉडल टाउन क्षेत्र की सैनी कॉलोनी में रहता था और कोर्ट में काम करता था। शनिवार को जब रोहित ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो उसके एक साथी कर्मचारी ने उसे फोन किया। कई बार कॉल करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला।

इसके बाद कर्मचारी रोहित के घर पहुंचा। वहां दरवाजा अंदर से बंद था। इस दौरान पड़ोसी भी मौके पर एकत्र हो गए। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

## सरकार ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी लगन एंव ईमानदारी से पूरा करेंगे : गुरनाम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन 7, जून (विजय कौशिक)** : सैनी शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र की मासिक बैठक सैनी पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान नायब सिंह पटाकमाजरा ने की। इस मौके पर हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी, सैनी शिक्षा समिति के प्रधान नायब सिंह पटाकमाजरा, सैनी शिक्षा समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरियाणा सरकार द्वारा



गुरनाम सिंह सैनी को हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम का चेयरमैन नियुक्त करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया गया। इस अवसर पर सैनी शिक्षा समिति के पदाधिकारियों ने गुरनाम सिंह सैनी को बुके देकर व उनका मुंह मीठा करवाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी ने कहा कि वे इस पद पर पुरी ईमानदारी व पूरी निष्ठा से किसानों के हित में काम करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा ही किसानों के हितों के प्रति सचेत रहते है और उन्हें जो किसानों के हित में काम करने के लिए जिम्मेदारी दी गई है उसे वे लगन एंव ईमानदारी से पूरा करेंगे। इस अवसर पर सैनी समाज सभा के महासचिव अवतार सिंह सैनी ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से गुरनाम सिंह सैनी को महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति देकर पूरे सैनी समाज का सम्मान बढ़ाया है जिसके लिए सैनी समाज उनका आभारी रहेगा। इस अवसर पर सैनी शिक्षा समिति वरिष्ठ उपप्रधान सुरेन्द्र सैनी, को.ओ. बैंक कुरुक्षेत्र के चेयरमैन सुभाष धुराला, सहसचिव रामपाल, कोषाध्यक्ष दर्शन लाल, कार्यकारिणी सदस्य गुरमीत सैनी, सुभाष सैना, रामशरण सैनी, रामपाल सैनी, जयसिंह सैनी, योगेन्द्रनाथ सैनी, डॉ. बंसीलाल, रामशरण सैनी उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 7 जून (कुलदीप सैनी) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में चल रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का सातवें दिन सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से शिविर के दौरान सीखी गई कला, भाषा और रचनात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। हिंदी प्राध्यापक राकेश पांचाल ने विद्यार्थियों को पारंपरिक खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि ये खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं सुरेश वर्मा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। रजनी देवी ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम का समापन नई सीख और नए संकल्पों की शुरूआत होता है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### नाबालिग छात्रा से मेडिकल स्टोर पर छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। शहर के कुजंपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग छात्रा के साथ मेडिकल स्टोर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना तब हुई जब छात्रा सिर दर्द की दवाई लेने गई थी। वहां मौजूद युवक ने उसे बहाने से अंदर ले जाकर जबरदस्ती करने की कोशिश की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक प्राइवेट स्कूल में काम करती हैं।

## मिशन मैदान 2.0 के तहत 520 ट्रामाडोल कैप्सूल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
यमुनानगर। मिशन मैदान 2.0 के तहत नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने 520 प्रतिबंधित नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी रजत गुलिया ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन के आदेशों तथा पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निदेशों के अनुसार नशे के कारोबार में



संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार की टीम को सूचना मिली कि गांव शादीपुर के पास एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है।

सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश कुमार, एएसआई जसबीर सिंह, कुलदीप कुमार, ललित, राजेंद्र सिंह और पंकज की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार साढौरा कुलदीप को मौके पर बुलाया गया।

पूछताछ में आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी विक्की पुत्र राजवीर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से संदिग्ध कैप्सूल बरामद हुए।

ड्रग कंट्रोलर डॉ. बिंदु धीमान द्वारा जांच किए जाने पर कैप्सूल ट्रामाडोल पाए गए, जिनकी संख्या 520 थी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी दो मामले दर्ज हैं, जो अदालत में विचाराधीन हैं। आरोपी लंबे समय से उत्तर प्रदेश से प्रतिबंधित दवाइयां लाकर आसपास के युवाओं को बेचने का काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी एक मामले में पुलिस का घोषित भगोड़ा भी है।

## सेक्टर-6 तथा सेक्टर 12 में लगाए गए योग प्रोटोकॉल शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार जिले के सभी ब्लॉकों में विभिन्न योग कार्यक्रम और शिविर बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं।

आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि आज जिला कारागार में बंदियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए 1 जून से 21 जून तक एक विशेष योग



शिविर चलाया जा रहा है। यह शिविर जेल डीएसपी धर्मचंद नैन की देखरेख में आयोजित हो रहा है। आज डॉ. अमित पुंज की देखरेख में योग इंस्ट्रक्टर मुन्ना कुमार तथा कांता द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 473 बंदियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।

डॉ.अमित ने बताया कि बंदियों के लिए तनाव मुक्ति में योग का नियमित अभ्यास बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग जेलों में केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि कैदियों के मानसिक सुधार और पुनर्वास का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। जेल के अकेलेपन में अनुलोम-विलोम और भ्रामरी जैसे प्राणायाम कैदियों के मानसिक तनाव को कम कर दिमाग को शांत करते हैं। नियमित ध्यान से कैदियों का चिड़चिड़ापन दूर होता है, जिससे वे अपने गुस्से और हिंसक विचारों पर काबू पाते हैं। उन्होंने कहा कि अतीत की गलतियों और भविष्य की चिंता के कारण कैदी अक्सर गहरे अवसाद में चले जाते हैं। योग उन्हें सकारात्मक सोच देकर जीवन में सुधार करने की प्रेरणा देता है। मानसिक शांति मिलने से कैदियों को जेल के माहौल में भी गहरी और अच्छी नींद आती है, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य भी सुधरता है।

डॉ. अमित पुंज ने बताया कि आयुष विभाग के ग्रामीण केंद्रों के साथ-साथ जिले की विभिन्न सक्रिय योग संस्थाओं के सहयोग से प्रतिदिन योग प्रोटोकॉल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इन सभी 272 केंद्रों के माध्यम से जिले में प्रतिदिन 7 हजार से अधिक योग साधक नियमित रूप से योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

ब्लॉक इंचार्ज डॉ. नितिन रोहिला ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 8 जून को जिला करनाल के सभी आयुष योग सहायक, सभी योग इन्स्ट्रक्टर्स द्वारा अपने कार्य स्थल, योग व्यायामशाला तथा सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर व आसपास के 5 गाँवों में सरपंच, मैम्बर तथा ग्राम सचिव की सहायता से योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी।

## थाना प्रताप नगर पुलिस की टीम ने एक भगोड़े आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा भगोड़े आरोपियों और बेल जंपर्स की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निदेर्शों पर कार्य करते हुए थाना प्रताप नगर पुलिस की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश कर दिया है।



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रभारी रोहतास के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने संयुक्त प्रयास से एक भगोड़े आरोपी जसबीर सिंह पुत्र चूहड़ सिंह निवासी कोहली वाला को गुप्त सूचना के आधार पर सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक आपराधिक मामले में संलिप्त था और न्यायालय में पेश न होने के कारण उन्हें माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। आरोपी जसबीर पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था, लेकिन टीम की सतर्कता और प्रयासों के चलते उन्हें दबोच लिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने टीम के इस कार्य की सराहना की है और कहा है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### एससी वर्ग के मत्स्य पालकों को स्वरोजगार में विस्तार के लिए दिया जा रहा 90 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने तथा अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से अनुदान योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को मत्स्य पालन परियोजना की लागत पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और मत्स्य उत्पादन में वृद्धि होगी। इस योजना के तहत लाभार्थियों को परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अथवा 90 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। अधिकतम चार हेक्टेयर क्षेत्र तक यह सहायता उपलब्ध होगी। यह योजना स्वयं की भूमि, पंचायत तालाब अथवा सरकारी जलाशयों पर किए जाने वाले मत्स्य पालन पर लागू होगी।

**यह है पात्रता की शर्तें**
योजना के अनुसार लाभार्थी हरियाणा का स्थायी निवासी तथा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित होना चाहिए। आवेदक के पास परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) होना अनिवार्य है। मत्स्य तालाब का पट्टा कम से कम पांच वर्ष की अवधि का होना चाहिए तथा लाभार्थी की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी संस्था में कार्यरत नहीं होना चाहिए। एक लाभार्थी तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस मद के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर सकेगा। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को मत्स्य किसान एवं विभाग के बीच अनुबंध पत्र, पंचायत तालाब होने की स्थिति में पंचायत और मत्स्य किसान के बीच अनुबंध पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मत्स्य प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, भूमि अथवा पट्टा संबंधी दस्तावेज, मत्स्य बीज खरीद की रसीद या वाउचर तथा साइट एवं तालाब से संबंधित फोटो शामिल हैं।

**मछली जाल की खरीद पर मिलेगी भी मिलेगी 60 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता**
अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े परिवारों को वेलफेयर ऑफ शेड्यूल्ड कास्ट फैमिलीज अंडर फिशरीज सेक्टर योजना के तहत मछली पकड़ने के जाल की खरीद पर भी विशेष अनुदान प्रदान कर रहा है। इस योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को मछली जाल खरीदने पर 60 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना के तहत अन्य दस्तावेज के साथ लाभार्थी को मछली जाल खरीदने का जीएसटी भुगतान बिल प्रस्तुत करना होगा। योजना के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस मद में अनुदान प्राप्त कर सकता है। योजना के अंतर्गत 40 हजार रुपये तक की लागत वाले मछली जाल की खरीद पर 60 प्रतिशत की दर से अनुदान दिया जाता है। इस प्रकार प्रति लाभार्थी अधिकतम 24 हजार रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है।
जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि हरियाणा सरकार की यह योजना अनुसूचित जाति वर्ग के मत्स्य पालकों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता से मत्स्य पालकों को उत्पादन लागत कम करने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

# पारुल दहिया : सेवा, समर्पण और मानवता की प्रेरक कहानी

### विश्व रक्तदाता दिवस (14 जून) पर विशेष

**टीम एक्शन इंडिया**
**समाज में** कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो अपने कार्यों से यह सिद्ध कर देते हैं कि सेवा ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। ऐसी ही एक प्रेरणादायी समाजसेविका हैं पारुल दहिया, जिन्होंने रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, योग, महिला सशक्तिकरण और मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई है।
पारुल दहिया का जन्म हरियाणा के रोहतक जिले के बोहर गांव में चौधरी राजपाल नांदल एवं श्रीमती किरण बाला के घर हुआ। बचपन से ही उनमें सेवा और परोपकार की भावना विद्यमान थी। विवाह के पश्चात उनका जीवन सोनीपत जिले के सिसाना गांव निवासी कमांडो आशीष दहिया के साथ जुड़ा और उन्होंने अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लिया।
मानवता की सेवा के प्रति उनका समर्पण रक्तदान के क्षेत्र में विशेष रूप से दिखाई देता है। वे अब तक 18 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर चुकी हैं तथा सैकड़ों रक्तदान शिविरों के




आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। उनके प्रयासों से अनेक जरूरतमंद रोगियों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका है। वे रेड क्रॉस की आजीवन सदस्या हैं और रक्तदान को जनआंदोलन बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।
कैंसर पीड़ितों के प्रति उनकी संवेदनशीलता भी अनुकरणीय है। उन्होंने तीन बार अपने केश दान किए ताकि कैंसर से जूझ रहे मरीजों के लिए विग तैयार की जा सके। इतना ही नहीं, उन्होंने केशदान शिविरों का आयोजन कर समाज में इस पुनीत कार्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। उनके इस प्रयास ने अनेक लोगों को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित किया है।
पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी पारुल दहिया का योगदान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने हजारों पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का कार्य किया है। उनकी एक अनूठी पहल यह भी रही कि उन्होंने अनुपयोगी कचरे के डिब्बों में पौधे तैयार कर विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक अवसरों पर लोगों को भेंट किए। इस अभिनव सोच ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति लोगों को नई दिशा प्रदान की।
योग और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। वर्ष 2014 से वे पतंजलि योग समिति से जुड़कर नि:शुल्क योग कक्षाओं का संचालन कर रही हैं। उनके माध्यम से अनेक लोगों ने योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया है। उनका विश्वास है कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। युवा शक्ति को समाजसेवा से जोड़ने के उद्देश्य से उन्होंने नेहरू युवा केंद्र संगठन (युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) में दो वर्षों तक राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका के रूप में सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने युवाओं में सामाजिक चेतना, राष्ट्रभक्ति और जनसेवा की भावना विकसित करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया। कोरोना महामारी के कठिन दौर में जब पूरा देश संकट से जूझ रहा था, तब पारुल दहिया ने रक्त, प्लाज्मा, राशन तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाकर जरूरतमंद लोगों की सहायता की।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर पुलिस लाइन के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ रहे ट्रैक्टर से नीचे गिरने के कारण एक श्रमिक की मौत हो गई।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनियंत्रित ट्रैक्टर का पिछला पहिया सीधे मजदूर के सिर के ऊपर से उतर गया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आरोपी ट्रैक्टर चालक वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। सेक्टर-29 थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर फरार ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर-29 थाना पुलिस को दी गई शिकायत में पानीपत की नूरवाला स्थित गीता कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसका पति ठेकेदार धर्मवीर के पास मजदूरी और बेलदारी का काम करता था। छह जून को ठेकेदार ने उसके पति धर्मवीर और ट्रैक्टर के ड्राइवर को एक साथ समालखा की तरफ ट्रैक्टर में ईंटें छोड़कर आने के लिए भेजा था। समालखा में ईंटें उतारने के बाद दोनों ट्रैक्टर पर सवार होकर वापस पानीपत की तरफ लौट रहे थे। पीड़ित महिला का आरोप है कि वापसी के दौरान ट्रैक्टर

**मुकदमा दर्ज**
- तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ रहे ट्रैक्टर से नीचे गिरने के कारण एक श्रमिक की मौत हो गई

चालक ट्रैकर को बेहद तेज रफ्तार, गफलत और लापरवाही से चला रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर जीटी रोड पर पुलिस लाइन पानीपत से थोड़ा पहले पालीवाल फैक्ट्री के पास पहुंचा, तो ड्राइवर की लापरवाही के कारण ट्रैक्टर को एक जोरदार झटका लगा। गति तेज होने के कारण ट्रैक्टर पर बैठे धर्मवीर का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और वह उछलकर सीधे नीचे सड़क पर आ गिरा। इससे पहले कि धर्मवीर खुद को संभाल पाता, तेज रफ्तार ट्रैक्टर का भारी-भरकम पिछला पहिया सीधे उसके सिर को कुचलता हुआ ऊपर से निकल गया। सिर पर गंभीर चोट लगने और अत्यधिक खून बह जाने के कारण धर्मवीर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## पलवल :युवती को झांसा देकर सवा लाख की ठगी

**पलवल।** होडल में शातिर ठगों ने एक युवती को झांसे में लेकर उसके बैग से 1.21 लाख रुपये और अन्य सामान चोरी कर लिया। बैंक से नकदी निकालने के कुछ ही देर बाद वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
होडल थाना प्रभारी सुंदरपाल ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि अंधोप गांव निवासी वंदना ने शिकायत में बताया कि वह अपनी मां और भाई के साथ होडल स्थित बैंक से रुपये निकालने आई थी। बैंक से उसने 1 लाख 20 हजार रुपये निकाले और उन्हें अपने बैग में रख लिया। इसके बाद तीनों एक जूस की दुकान पर पहुंचे। इसी दौरान उनकी बाइक का लॉक खराब हो गया। बाइक ठीक कराने के लिए उसका भाई मैकेनिक के पास चला गया, जबकि वंदना और उसकी मां जूस की दुकान पर बैठी रहीं। तभी एक व्यक्ति वहां आया और वंदना को बताया कि उसकी कमर और कपड़ों पर कुछ गिर गया है। जब उसने देखा तो कपड़ों पर सॉस लगी हुई थी।
कपड़े साफ करने के लिए वंदना ने अपना बैग पास ही रख दिया। इसी मौके का फायदा उठाकर आरोपी बैग लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब वंदना ने बैग तलाशा तो वह गायब मिला। उसने आसपास आरोपी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

# थाना सदर कनीना पुलिस की कार्रवाई, गाय चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए पशु चोरी के एक मामले का सफलता हासिल की है। गाय चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दिनांक 06 जून को मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरेश, संजय और नरेन्द्रपाल, वासियान आकोदा के रूप में हुई है।
पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई गाय को सकुशल बरामद कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता नत्थू राम निवासी खेड़ी तलवाना ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि वह अपनी गाय को गांव की फिरनी में छोड़ता था, जो दिनांक 24 मई की सुबह अपने तय समय पर घर वापस नहीं आई।



शिकायतकर्ता ने अपने स्तर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों में गाय की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।
इसके बाद, घटना स्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को ध्यानपूर्वक चेक करने पर पता चला कि दिनांक 23 मई को दोपहर के समय कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके गाय को जबरन एक सुपर कैरी ट्रोला गाड़ी में लादकर चोरी कर लिया गया था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय

**काबू**
- कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दिनांक 06 जून को मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

न्याय संहिता धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।
थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने मामले में तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया और आरोपियों का सुराग लगाकर दिनांक 06 जून को तीनों आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई गाय को बरामद किया और शिकायतकर्ता को बुलाकर उसकी शिनाख्त करवाई। गाय की सही पहचान होने के बाद उसे उसके मालिक के सुपुर्द कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किए गए वाहन को भी बरामद कर जब्त कर लिया है।

# स्वस्थ, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर समाज ही विकसित राष्ट्र की होता है आधारशिला- डा. नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 7 जून (बिजेंद्र सिंह)।** समाज सेवा एवं जनकल्याण को समर्पित अपने निरंतर प्रयासों के तहत डॉ. नवीन नैन भालसी द्वारा संचालित जनहित अभियानों की श्रृंखला में रविवार को पानीपत के रविन्द्रा अस्पताल के डाक्टरों की टीम द्वारा मतलौडा के मुख्य चौक पर फ्री चिकित्सा चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मतलौडा व आसपास के गांव के लोगों का डाक्टरों ने चैकअप किया और जरूरत के अनुसार फ्री दवाईयां भी दी गई। शिविर में डॉ. अंगद सिंह, डॉ. शर्मिला, व डॉ. आशीष सहगल सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि एक माह से ग्रामीण क्षेत्र में समाज सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से अनेक कार्य किये जा रहे है। गांव भालसी में महिलाओं एवं बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नि:शुल्क सिलाई



प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है। उन्होने कहा कि स्वस्थ, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर समाज ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला होता है। समाज के जरूरतमंद, गरीब एवं वंचित वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना उनके जनसेवा अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इस मौके पर गंगा ग्रुप के चेयरमैन प्रेम सिंह भालसी व डा. नवीन नैन भालसी ने चैकअप कैंप में पहुंचे सभी डाक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

# पांचाल शिक्षा समाज समिति का सम्मान समारोह सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 7 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पांचाल समाज शिक्षा समिति द्वारा रविवार को आर्य कॉलेज के सभागार में पांचवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पांचाल समाज के 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 211 बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में समाजसेवी जयपाल पांचाल रोहतक के पुत्र राहुल पांचाल मुख्य अतिथि, किशन लाल पांचाल अति विशिष्ठ अतिथि रहे। वहीं अध्यक्षता पांचाल समाज के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल एवं शिक्षा मंत्री के निजी




सचिव गुलाब पांचाल ने की। कृष्ण लाल पांचाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज को आगे बढ़ाने की कुंजी है। इसलिए अपने बच्चों को शिक्षित करने में कोई कोर कसर ना छोड़े। शिक्षा समिति भी जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने में मदद करेगी। जिला पार्षद शिखा पांचाल व निगम पार्षद कोमल पांचाल ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा केवल परिवार,समाज की नहीं बल्कि देश की भी तरक्की के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है।

## जींद : सरकारी नौकरी का झांसा देकर 29 लाख हड़पे, मामला दर्ज

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने एफसीआई सी ग्रुप तथा अन्य सरकारी विभागों में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर लगभग 29 लाख रुपये हडपने पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उगांव मोहनगढ़ छापड़ा निवासी रामपाल समेत नौ युवक तथा युवतियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव उदयपुर निवासी हरपाल से काफी पुरानी जान-पहचान है। जुलाई 2024 में हरपाल उसे उचाना फोटोस्टेट की दुकान पर मिला और बताया कि वह गांव खरकड़ा जिला हांसी निवासी कपिल के साथ चंडीगढ़ में था।

# विकसित राष्ट्र के निर्माण में स्वस्थ नागरिक की अहम भूमिका: डा. नरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण में स्वस्थ नागरिक ही अहम भूमिका निभा सकता है। इस लिए हर नागरिक को फिट रहने के लिए साइकिलिंग को अपने जीवन में अपनाना होगा। इस उद्देश्य को लेकर सरकार लोगों को साइकिल चलाने के प्रति जागरूक कर रही है।
जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित साइक्लोथॉन में बोल रहे थे।



इससे पहले डीआईपीआरओ डा नरेंद्र सिंह, डीएसओ मनोज कुमार, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, हॉकी कोच सोहन लाने साइक्लोथॉन को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने ने कहा

**अहम भूमिका**
- हर नागरिक को फिट रहने के लिए साइकिलिंग को अपने जीवन में अपनाना होगा

कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकास राष्ट्र के रूप में स्थापित किया जाए। इस लक्ष्य को लेकर हर व्यक्ति अपने अपने क्षेत्र में कार्य कर रहा है।
उन्होंने कहा कि साई की तरफ से लगातार नागरिकों को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जागरूक किया जा रहा है। इस संस्थान की तरफ से पिछले लगभग दो सालों से साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए साई के क्षेत्रीय निदेशक रीतू प्रतीक व सहायक निदेशक विजय मनचंदा बधाई के पात्र है। सभी मिल कर इस कार्यक्रम को जन जन पहुँचाने का काम करना है।
इस मौके पर सेवानिवृत्त चीफ हॉकी कोच गुरविंद्र सिंह, ईएसआईसी अधिकारी अंकुर गाबा, जितेंद्र सिंह, चाँद राम, सुमन कुमार, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, विनोद गर्ग, सुनील कुमार, नरेश कुमार सैनी आदि उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट रामकुमार मलिक ने गांव उग्राखेडी में किया स्वागत द्वार, स्कूल व स्टेडियम गेट का उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 7 जून (बिजेंद्र सिंह)।** हरियाणा एंड पंजाब हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट रामकुमार मलिक ने रविवार को सनौली रोड पर गांव उग्राखेडी में उनके द्वारा ही बनवाये गये स्वागत द्वार, सरकारी स्कूल के गेट व खेल स्टेडियम गेट का उदघाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर उग्राखेडी के ग्रामीणों ने एडवोकेट रामकुमार मलिक का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। उसके बाद रामकुमार मलिक एडवोकेट को उग्राखेडी के स्वागत द्वार से लेकर गांव की चौपाल तक खुली जीप में ले जाया गया। चौपाल में आयोजित सम्मान समारोह में सीनियर एडवोकेट




रामकुमार मलिक, उनके भाई डा. राजकुमार मलिक व रिटायर्ड एचसीएस विक्रम मलिक का उग्राखेडी के ग्रामीणों ने पगडी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। सम्मान करने वालो में मलिक खाप सतगामा प्रधान राजकुमार मलिक, सरपंच सीमा मलिक, सरपंच प्रतिनिधि सुधीर मलिक,पानीपत बार एसोसिएशन प्रधान सुरेंद्र दूहन, टांसपोर्ट एसोसिएशन प्रधान धर्मबीर मलिक, स्कूल प्रिंसीपल सरिता मलिक, आप नेता सुखबीर मलिक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश मलिक, पूर्व जिला पार्षद मनोज मलिक, कामरेड सेवा सिंह मलिक, पूर्व सरपंच बिंटू मलिक, सिटीजन क्लब प्रधान कृष्ण मलिक, पार्क प्रधान राजबीर मलिक व भाजपा नेता कृष्ण आर्य आदि शामिल है। सरपंच प्रतिनिधि सुधीर मलिक ने बताया कि सीनियर एडवोकेट रामकुमार मलिक ने उग्राखेडी में अब गांव का स्वागत द्वार, स्टेडियम और सरकारी स्कूल का गेट बनवाये है। इससे पहले रामकुमार मलिक एडवोकेट द्वारा गांव उग्राखेडी में भव्य पार्क बनवाया हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि सीनियर एडवोकेट रामकुमार मलिक द्वारा समाज सेवा के जो कार्य किये जा रहे है, वह सराहनीय है। एडवोकेट रामकुमार मलिक ने कहा कि उनका बचपन गांव उग्राखेडी में ही बिता है। वे अपने गांव राजाखेडी और उग्राखेडी में निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्य कर रहे है। रामकुमार मलिक ने गांव उग्राखेडी व राजाखेडी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनेकों गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। इस मौके पर रामफल मलिक, पंडित सुन्दरकांत, बलराम शर्मा, बाबु मलिक, देवेंद्र मलिक, सतीश, दीपक, जगमिंद्र एडवोकेट, रणदीप एडवोकेट, सीटू मलिक, विक्की शर्मा व मास्टर नीटू आदि मौजूद रहे।

# ब्राहमण समाज को संगठित होना जरूरी: मा.रामकुमार कवि

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 7 जून (बिजेंद्र सिंह)।** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा की जनरल बैठक रविवार को बरसत रोड स्थित वधावा राम कॉलोनी के भगवान परशुराम मंदिर में श्री श्री 1008 ब्रत्रृषी जी महाराज के सानिध्य में हुई। बैठक में ब्राह्मण समाज को संगठित, जागरूक और शिक्षित बनाने के उद्देश्य से व्यापक विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता, शिक्षा और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देकर ही नई पीढ़ी को मजबूत दिशा दी जा सकती है।
बैठक के दौरान संगठन के विस्तार को गति देने के लिए




विभिन्न क्षेत्रों के नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। महासंघ ने ब्लॉक मतलौडा का प्रधान मा.रामकुमार कवि, इसराना का प्रधान राजबीर, सनौली का प्रधान महेश त्यागी सरपंच, बापौली का प्रधान नरेश शास्त्री, समालखा का प्रधान शिव कुमार बिहोली तथा पानीपत का प्रधान कृष्ण एडवोकेट आट्टा को नियुक्त किया। इसके अलावा संगठन ने संजीव भारद्वाज को पानीपत शहरी जिला प्रधान, नरेश शर्मा आसन को पानीपत ग्रामीण जिला प्रधान तथा अशोक वत्स छदिया को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी।

# शाहपुर तगा में गांव की सुख-समृद्धि के लिए हुआ हवन यज्ञ व भंडारा, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

धार्मिक कार्यक्रम

- पूर्व सांसद जितेंद्र मलिक, जींद के एसपी कुलदीप सिंह, वीरेंद्र कादियान ने की शिरकत





**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गांव शाहपुर तगा स्थित बाबा मोहनदास की समाधि स्थल पर रविवार को क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना को लेकर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन गांव के समाजसेवी प्रवीन त्यागी द्वारा हवन यज्ञ, भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन यज्ञ से हुआ। यज्ञ में पूर्व सांसद जितेंद्र मलिक, जींद के एसपी कुलदीप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा सिंह, विधायक देवेंद्र कादियान के भाई वीरेंद्र कादियान, गांव के सरपंच सुंदर, त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत त्यागी, एडवोकेट बलिस्टर त्यागी, अभिनव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने आहुति डाली। पूर्व सांसद जितेंद्र मलिक ने कहा कि बाबा मोहनदास की तपोभूमि पर आयोजित ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। जींद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुलदीप सिंह ने बाबा मोहनदास के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# जलभराव से निपटने के लिए कई स्थानों पर पंप सेट लगाए जा रहे हैं: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 7 जून।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सीवरेज डिस्पोजलों का निरीक्षण करते हुए गंदा पानी इकट्ठा होने वाले कुओं से गाद निकालने तथा डिस्पोजल पर मोटरों या जनरेटर की कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं ताकि कुओं में डाली गई मोटर बार बार ना जले।

उन्होंने ड्रेन नंबर 6 सिथत आई पी एस पर जाकर देखा तो पाया कि एक मोटर नहीं चल रही है, जनरेटर की बैटरी नहीं है और शनि मंदिर से आई पी एस तक आने वाली बरसाती पानी की बड़ी पाइप का मुँह गाद की वजह से पूरा बंद हो चूका है। उन्होंने देखा कि जब से लाइन डाली गई है इसकी सफाई नहीं हुई है, इसलिए सफाई करने के भी निर्देश दिए। खाटू श्याम मंदिर सिथत डिस्पोजल के टैंक से गाद निकालने का काम शुरू कर दिया गया है।

सेक्टर 23 सिथत डिस्पोजल पर पॉवर कट होने की दशा में बरसात के मौसम को देखते हुए जनरेटर की वयवस्था आवश्यक है, उन्होंने मोटर जलने से जल निकासी की वयवस्था ठप्प ना हो इसके लिए दो मोटर अतिरिक्त रिजर्व में रखने के निर्देश दिए । ओल्ड डी सी रोड सिथत डिस्पोजल पर भी टैंक में 5 - 6 फुट गाद जमा हो चुकी है। इसे भी साफ करवाया जायेगा।

राजीव जैन ने कहा कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए कई स्थानों पर पंप सेट लगाए जा रहे हैं, इसके अतिरिक्त स्टॉक में भी पंप सेट रखे जायेंगे ताकि कंही भी जलभराव हो पानी तुरंत निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि भारी बरसात में दो तीन घंटे पानी रुकना स्वाभाविक है यदि ज्यादा देर रुकता है तो उसे तुरंत निकालने की व्यवस्था की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### 14 जून तक कराएं आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट : आनंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नागरिक 14 जून तक अपने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। यह मुफ्त सेवा केवल माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को नाम, जन्म तिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है।

उपायुक्त ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी है। नागरिक खुद भी ttp://uidai.gov.in/ वेबसाइट पर जाकर इसे अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर आधार कार्ड अपडेट कराया जा सकता है।

### घर के बाहर महिला से सोने की चेन झपटी, मामला दर्ज

**गन्नौर** । न्यू बसंत विहार स्थित लहरी सिंह पार्क के सामने रहने वाली एक महिला से बाइक सवार दो युवकों द्वारा सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। थाना गन्नौर पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में न्यू बसंत विहार निवासी पिंकी ने बताया कि वह 7 जून की सुबह करीब 8 बज कर 40 मिनट पर मंदिर से स्कूटी पर घर पहुंची थी। इसी दौरान काले रंग की बाइक पर सवार दो युवक वहां आए। उनमें से एक युवक ने उससे मार्केट का रास्ता पूछा। जब वह गेट पर खड़े होकर उन्हें रास्ता बताने लगी तो एक युवक ने झपट्टा मारकर उसके गले से सोने की चेन छीन ली। महिला के अनुसार चेन करीब डेढ़ तोला सोने की थी। घटना के बाद उसने आरोपितों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों युवक बाइक पर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

### विभिन्न मांगों को लेकर ड्राइवर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र



**गन्नौर।** भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड के गेट नंबर-2 पर रविवार को पीसीएस कंपनी में कार्यरत ड्राइवर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर चालक सतीश के नेतृत्व में प्रदर्शन किया । जिसके बाद कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के नाम मांग पत्र सौंपा। ड्राइवर कर्मचारियों ने कहा कि वे लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों में सड़क पर ड्यूटी करते हैं तथा विभिन्न जोखिमों का सामना करते हुए कंपनी का कार्य पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और उचित वेतन नहीं मिल रहा है। मांग पत्र में कर्मचारियों ने न्यूनतम मासिक वेतन 21 हजार रुपये निर्धारित करने तथा प्रतिदिन 400 रुपये भोजन भत्ता देने की मांग उठाई। इसके अलावा सभी ड्राइवर कर्मचारियों को ईएसआई और पीएफ की सुविधा उपलब्ध कराने, प्रत्येक कर्मचारी को नियुक्ति पत्र जारी करने तथा श्रम कानूनों के अनुसार अन्य आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा लाभ सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। इस अवसर पर सतीश, मंजीत, वीरेंद्र, रामनिवास, अमजद सहित बड़ी संख्या में ड्राइवर कर्मचारी मौजूद रहे।

# बढ़खालसा गांव में पौधारोपण अभियान से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**राई** । बढ़खालसा गांव में दादा कुशल सिंह समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन समिति के प्रधान वीर सिंह एवं गांव के सरपंच राकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। अभियान के दौरान समिति सदस्यों ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने का संदेश दिया गया। सरपंच राकेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है । उन्होंने दादा कुशल सिंह समिति द्वारा समाजहित और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे। समिति के प्रधान वीर सिंह ने कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर कुंडू पहलवान, रमेश कुमार दहिया, संजीव कुमार, धर्मजीत सिंह, प्रदीप पंच सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता: आनंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों को डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था, लेकिन राज्य सरकार द्वारा योजना में बदलाव के बाद इसमें सभी पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने योजना के नियम व शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए दस साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन का किया गया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 7 जून (कुलदीप सैनी) :** हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन रोशन लाल सैनी के प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान रोशन लाल सैनी ने चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस मौके पर रोशन लाल सैनी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के कल्याण और उनके हितों की रक्षा के लिए आयोग महत्वपूर्ण कड़ी है।

वहीं चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका ने भी सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर बलबीर सैनी, मानसिंह सैनी, जसवंत सिंह, अशोक कुमार, रमेश सैनी, जतिन, मनदीप, सोनू मौजूद रहे।

# राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर डॉ. सतीश पूनिया को दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के सोनीपत लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया से मुलाकात कर उन्हें राज्यसभा सदस्य के लिए भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी। आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया ने संगठन में मिली प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ निभाया है। उन्होंने हमेशा कार्यकताओं को स्नेहपूर्वक मार्गदर्शन देकर संगठनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित किया है। नेहरा ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा में पहुंचकर डॉ. पूनिया जनता और संगठन की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण नेहरा भी मौजूद थे ।

# रोडवेज बस की टक्कर से इको चालक की मौत, चालक पर मामला दर्ज

गन्नौर । लड़सौली गांव के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से इको गाड़ी चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मलिकपुर गांव के राजू ने बताया कि उसका भाई ओमप्रकाश शनिवार शाम इको गाड़ी लेकर गया था। रविवार सुबह उन्हें जानकारी मिली कि लड़सौली गांव के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

# डॉ. बशीर बद्र की याद में जनवादी लेखक संघ ने आयोजित किया कार्यक्रम

कार्यक्रम

- चयनित कवियों के संदर्भ में भाषा के सवाल पर परिचर्चा आयोजित, कवियों ने किया रचना पाठ




टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। न्यू रमेश नगर करनाल के संत रविदास मंदिर प्रांगण स्थित सोशल जस्टिस लाइब्रेरी एंड स्टडी सेंटर में जनवादी लेखक संघ करनाल के बैनर तले पद्मश्री डॉ.बशीर बद्र की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दो सत्र काव्यपाठ और कविता में भाषा के सवाल पर परिचर्चा की गई। संगोष्ठी में डॉ. योगेश शर्मा और हिन्दी प्राध्यापक अरुण कैहरबा ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन लेखक संघ के सचिव दीपक वोहरा ने किया। डॉ. योगेश शर्मा व अरुण कैहरबा ने कविता में भाषा के सवाल पर पाँच चयनित कवियों-डॉ. कपिल भारद्वाज (अम्बाला) और हरियाणा साहित्य अकादमी से पुरस्कृत कवि राजेश भारती, चंडीगढ़ से आए शायर सर्वेश शायर, विनोद वत्स और अमित तँवर की कविता व गजल पर अपना वक्तव्य दिया।

काव्य गोष्ठी में पानीपत से आए शायर इकबाल पानीपती ने तरन्नुम में अपनी गजल पढकर समां बांध दिया। पेहवा से आए हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखने वाले डॉ. देशराज, विपन कुमार तथा कबीर कोहिनूर सम्मान 2026 के लिए चयनित हुए रामेश्वर देव, इन्द्री से आए दयाल चंद जास्ट तथा दीपक वोहरा ने अपनी रचनाएं सुनाई।

कार्यक्रम में जींद से आई रेणु शर्मा, शकुंतला देवी, रूपाक्षी, सक्षम वोहरा, समीक्षा वोहरा, राजकुमार मायूस व गजल की विशेष रूप से उपस्थिति रही। योगेश शर्मा ने कविता में भाषा के सवाल पर कबीर, रैदास, मीरा, तुलसीदास को उद्धृत करते हुए अपना वक्तव्य दिया और रचनाकारों की कविता और गजल पर चर्चा की।

# सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्तआरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
जिले की क्राईम यूनिट गन्नौर की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी प्रिंस पुत्र सुनील निवासी गांव रिसालु जिला पानीपत का रहने वाला है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 06 जून 2026 को क्राईम यूनिट गन्नौर में नियुक्त मुख्य सिपाही राकेश अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु गन्नौर चौक फ्लाईओवर ठल्र 44 के नीचे मौजुद था कि खुफिया सूचना प्राप्त हुई कि प्रिंस पुत्र सुनील निवासी गांव रिसालु जिला पानीपत जिसके पास अवैध हथियार है औघोगिक क्षेत्र बड़ी के गेट न. 02 के पास किसी वारदात को अजांम देने की फिराक में खड़ा है। अगर तुरंत रेड की जाए तो अवैध हथियार सहित मौके पर काबू आ सकता है। जो प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम नियमानुसार कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंची तो एक नौजवान लड़का वहां खड़ा हुआ दिखाई दिया जो पुलिस पार्टी को देखकर तेज कदमो से चलने लगा। जिसको पुलिस टीम ने शक की बिनाह पर काबू करके नामपता पूछा तो उसने अपनी पहचान प्रिंस पुत्र सुनील निवासी गांव रिसालु जिला पानीपत के तौर पर दी।

# समाधान न होने पर लोगों ने खुद संभाली जिम्मेदारी, भंडारा लगाकर जुटाना शुरू किया चंदा

चंदा अभियान

- नाला निर्माण की समस्या का समाधान नहीं होने पर अब स्थानीय लोग स्वयं आगे आ गए



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गढ़ी केसरी स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला मंदिर कालोनी की गली में पिछले करीब एक माह से भरे गंदे पानी और नाला निर्माण की समस्या का समाधान नहीं होने पर अब स्थानीय लोग स्वयं आगे आ गए हैं। प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से कार्रवाई न होने से नाराज गलीवासियों व गौ भक्तों ने रविवार को भंडारे का आयोजन कर नाला व गली निर्माण के लिए चंदा एकत्र करने का अभियान शुरू किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले भी नगर पालिका और जनस्वास्थ्य विभाग को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ऐसे में क्षेत्रवासियों ने आपसी सहयोग से समाधान निकालने का निर्णय लिया है। भंडारे के दौरान लोगों से स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग देने की अपील की गई, जिसे लोगों का अच्छा समर्थन मिला। आयोजकों के अनुसार कई नगर पालिका पार्षदों ने एक माह का अपना मानदेय देने की घोषणा की है, जबकि तीन सेवानिवृत्त फौजियों ने भी एक माह की पेंशन के बराबर राशि देने का संकल्प लिया है। इसके अलावा गलीवासी और गौ भक्त भी नकद सहयोग देने के लिए आगे आए हैं। गोशाला समिति और स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभाग समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं तो क्षेत्रवासी स्वयं सहयोग जुटाकर गली और नाले के निर्माण का कार्य करवाने का प्रयास करेंगे।

# भाजपा के तीन कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी में शामिल, संगठन को मिलेगी मजबूती



**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** आम आदमी पार्टी को यमुनानगर में उस समय मजबूती मिली जब भारतीय जनता पार्टी के तीन कार्यकताओं ने पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। चिराग सिंगल के नेतृत्व में लवनीश प्राशर (बूथ अध्यक्ष, जम्मू कॉलोनी, वार्ड-13), अतुल कपूर (बूथ अध्यक्ष, आदर्श नगर, वार्ड-17) तथा रमनप्रीत सिंह (कैंप, जम्मू कॉलोनी) ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदर्श पाल सिंह ने तीनों कार्यकताओं को पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी दी जाती है, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं का विश्वास लगातार आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यशैली पर बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में पार्टी द्वारा किए गए कार्यों से प्रभावित होकर लोग पार्टी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में और भी कई लोग आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

आदर्श पाल सिंह ने बताया कि पार्टी शीघ्र ही व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा जनता के मुद्दों को लेकर घर-घर तक पहुंचेगी।

## न्यूज फ्लैश

### कुएं से मिली चार संदिग्ध बोरियां, जानवरों के अवशेष बरामद होने से चर्चा तेज



**धनबाद।** धनबाद के निरसा थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत स्थित डांगापाड़ा गांव में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कुएं से तेज दुर्गंध आने की सूचना पर जांच की गई। कुएं के अंदर चार संदिग्ध बोरियां मिलीं, जिन्हें बाहर निकालने पर उनमें जानवरों के अवशेष पाए गए। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।
पुलिस ने सभी बोरियों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और अवशेषों की पहचान के लिए आवश्यक परीक्षण कराया जा रहा है।
जानकारी के अनुसार डांगापाड़ा निवासी बादल रविदास के नीलकुठी मोड़ के पास स्थित आम बागान में एक कुआं है। रविवार सुबह कुएं की ओर से तेज दुर्गंध आने लगी। बदबू का कारण जानने के लिए जब बादल रविदास वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुएं के अंदर चार बोरियां पड़ी हुई हैं, जिनसे दुर्गंध निकल रही है।
मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत इसकी सूचना निरसा थाना पुलिस को दी।
सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कुएं से चारों बोरियों को बाहर निकलवाया। बोरियों को खोलने पर उनमें जानवरों के अवशेष मिले। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि बरामद अवशेष प्रतिबंधित मांस या किसी प्रतिबंधित जानवर के हो सकते हैं। हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी भी आशंका की पुष्टि करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

### आपरेशन वज्रपात में चिन्हित हुए जौनपुर के 56 सक्रिय गैंग

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में ऑपरेशन वज्रपात सक्रिय आपराधिक गैंग व सोशल मीडिया पर भय आतंक, अराजकता फैलाने वालों पर पांच दिन विशेष अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 1 जून से 5 जून तक जिले में सोशल मीडिया व स्थानीय स्तर पर सक्रिय आपराधिक गैंगों, अराजक तत्वों तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।
उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सक्रिय गैंग लीडरों व उनके सदस्यों की पहचान कर उनकी गतिविधियों का गहन सत्यापन किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों, गैंगों एवं उनके समूहों की निगरानी करते हुए प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विधिक कार्यवाही की गई। मारपीट, धमकी, अवैध गैंग संचालन, शांति व्यवस्था भंग करने व सामाजिक सौहार्द प्रभावित करने वाले चिन्हित गैंग की संख्या 56 ,गैंग लीडर व सदस्य की संख्या 423 है। आपरेशन वज्रपात के दौरान कुल 10 मुकदमा पंजीकृत हुए, जिनमें से 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियान के दौरान 44 अभियुक्त के विरुध्द गुण्डा एक्ट, 126 अभियुक्त के विरुद्ध 110 जी, 06 अभियुक्तों के विरुध्द गैंग्स्टर एक्ट, 90 अभियुक्तों के विरुध्द कार्यवाही की गई है।जिले में चिन्हित सक्रिय गैंग जिले में महाकाल गैंग, अविरल गैंग, कर्रा गैंग, सूटर गैंग 505, कट्टा गैंग-606, टीम दादा मुफ्तीगंज 9696 गैंग, शक्तिमान गैंग, यदुवंशी गैंग, शिवा-94 गैंग, पंकज किंग-8558 गैंग, राउडी-001 गैंग, मेढ़ा गैंग, आशु यादव राइडर गैंग जानसन गैंग, सावन गैंग चिन्हित प्रमुख गैंग हैं।

### राजगढ़: अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर पचोर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, इस हादसे में बाइस सवार युवक की मौत हो गई।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच ग्राम दुल्तारिया जोड़ के समीप हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरने के बाद वाहन के नीचे फंस गया और करीब 50 मीटर तक घिसटता रहा। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# संभल की मस्जिद में मिले पोस्टर और झंडे, आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संभल।** उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के नखासा थाना क्षेत्र के कसेरुआ में मस्जिद में कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री मिलने के बाद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मस्जिद के अंदर 49 पोस्टर बरामद किए गए, जिन पर ₹आई लव मोहम्मद₹ लिखा हुआ था। इसके अलावा एक ऐसा झंडा भी मिला, जिस पर अर्धचंद्र और सितारे का निशान बना था तथा प्रथम दृष्टया वह पाकिस्तानी झंडे जैसा प्रतीत हो रहा था।
इस मामले में थाना नखासा पुलिस ने बीएनएस की धारा 353(2) के तहत मुकदमा संख्या 113/26 दर्ज किया है।




पुलिस का आरोप है कि उक्त सामग्री के माध्यम से समाज में वैमनस्यता फैलाने और सांप्रदायिक माहौल को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सामग्री को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में जाकिर, जाकिर हुसैन, तस्लीम, भूरे अली, सफरुद्दीन, दिलशरीफ, मोहब्बत अली और नन्हे समेत कुल आठ लोगों को नामजद किया गया है।
सभी आरोपित ग्राम कसेरुआ के निवासी बताए गए हैं।
पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और बरामद पोस्टरों व झंडे की वास्तविक प्रकृति की भी पड़ताल की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है और और दूसरे दिन भी मस्जिद ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी है। प्रशासन लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील कर रहा है।

### हरियाणा सरकार द्वारा जांगड़ा को हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर जगजीत सिंह मिल्खा ने किया सम्मानित

**सिरसा(रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार द्वारा पिछले दिनों रोहताश जांगड़ा को हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर भाजपा के हलका सरदूलगढ़ प्रभारी जगजीत सिंह मिल्खा ने उन्हें हरियाणवी पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनियुक्त चेयरमैन जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा के किसी भी मजदूर को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड की सभी कल्याणकारी योजनाओं को हरियाणा के गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता जगजीत सिंह मिल्खा सरदूलगढ़ ने इस नियुक्ति के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह



सैनी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने एक योग्य व्यक्ति को इस पद से नवाजा है।
मिल्खा ने जांगड़ा परिवार को भी बधाई दी। इस अवसर पर उनके साथ प्रताप सिंह गुराया के अलावा अन्य बीजेपी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### गंगरार में एमडीएमए के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 41.50 ग्राम मौली पाउडर बरामद

**चित्तौड़गढ़।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत गंगरार थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 41.50 ग्राम अवैध एमडीएमए (मौली) पाउडर बरामद किया गया। आरोपी बिना नंबरी ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी से मादक पदार्थ का परिवहन कर रहे थे।
एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आईजी उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर मादक पदार्थों के खिलाफ ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है। एएसपी मुकुल शर्मा के निर्देशन, डीएसपी शिवप्रकाश टेलर के पर्यवेक्षण और थानाधिकारी श्यामाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस टीम जवासिया फाटक से सोनियाना रोड पर बालाजी विहार के सामने नाकाबंदी कर रही थी।
इसी दौरान जवासिया फाटक की तरफ से आती एक बिना नंबरी ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी को रोकने का प्रयास किया गया। स्कूटी सवार दोनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस जाब्ते ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया।
पकड़े गए आरोपियों की पहचान जीवा नायको का खेड़ा, गंगरार निवासी अनिल दायमा पुत्र राजू दायमा बंजारा और गंगाराम पुत्र कनीराम बंजारा के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उनके पास से 41.50 ग्राम अवैध एमडीएमए मौली पाउडर मिला, जिसे जब्त कर लिया गया।
दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।इस कार्रवाई में एएसआई शिवलाल, हेड कांस्टेबल युवराजसिंह, कांस्टेबल सुनील, रामहंस, कार्तिक और चालक हेड कांस्टेबल देवकिशन शामिल रहे।

### अवैध रूप से शराब के साथ महिला आरोपित नेहा कण्डरा गिरफ्तार

**रायपुर।** अवैध रूप से शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि, थाना डीडी नगर क्षेत्रांतर्गत सरोना स्थित शक्ति घाट पास पेड़ के नीचे एक महिला द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है।
सूचना को पुलिस उपायुक्त (क्राईम एवं सायबर) स्मृतिक राजनाला तथा पुलिस उपायुक्त (पश्चिम क्षेत्र) संदीप पटेल द्वारा गंभीरता से लेते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं प्रभारियों को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट, एण्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स तथा थाना डीडी नगर पुलिस की संयुक्त टीम उक्त स्थान पर पहुंची।

### नि:शुल्क समर कैंप में जागरूक हो रहे बच्चे

**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 7 जून :**
शहर के फतेहाबाद रोड़ स्थित गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब में सिख मिशन हरियाणा कुरूक्षेत्र (एसजीपीसी) एवं गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब प्रबंधक कमेटी के संयुक्त प्रयास से पिछले 10 दिनो से नि:शुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चे मातृ भाषा पंजाबी के साथ साथ नैतिक शिक्षा एवं कैलीग्राफी सहित जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
वहीं समर कैंप के सातवें दिन कैंप की शुरूआत मैडम मीना अरोड़ा द्वारा कैलीग्राफी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शब्दों को सुंदर एवं आकृषित बनाने हेतू कैलीग्राफी का बहुत योगदान है। इसलिए



हमें भाषा एवं शब्दों की जानकारी होनी बहुत जरूरी है। इसके अलावा हैप्पी सिंह सेठी द्वारा बच्चों को पंजाबी एवं गुरमुखी भाषा में लिखी जाने वाली गिनती के बारे में जानकारी दी और बताया कि इसका भी गुरमुखी में महत्वपूर्ण योगदान है।
इस मौके पर प्रचारक मनिंद्रजीत सिंह द्वारा पैंती अखरी एवं अध्यापक कंचन रानी द्वारा बच्चों को व्याकरण बारे जानकारी दी गई। इस मौके पर गुरू साहिब कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# लाखो के सोना-चांदी के जेवरात चोरी की महिला आरोपित गिरफ्तार

**जेवरात बरामद**

- पुलिस ने जांच के दौरान पीड़ित परिवार के परिचितों और घर आने-जाने वालों से पूछ-ताछ की।

**कांकेर।** जिले की नरहरपुर पुलिस ने आज रविवार को चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए महिला आरोपित चन्द्रकला मरकाम को गिरफ्तार किया है, जिसने परिचय और विश्वास का फायदा उठाकर घर में रखे सोना-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे।



आरोपित महिला के कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद किए हैं, जिसका बाजार मूल्य लगभग एक लाख 63 हजार रुपये आंकी गई है।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरेठिनबाहरा निवासी दिवस कुंजाम अपनी पत्नी के साथ नरहरपुर साप्ताहिक बाजार गया हुआ था। घर में कोई नहीं होने का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने ड्रेसिंग टेबल में रखी आलमारी की चाबी निकालकर लॉकर खोला और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। अगले दिन सुबह चोरी का पता चलने पर पीड़ित ने 25 मई को नरहरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।
पुलिस ने जांच के दौरान पीड़ित परिवार के परिचितों और घर आने-जाने वालों से पूछ-ताछ की। इसी दौरान संदेह के आधार पर दिवस कुंजाम की पत्नी की सहेली चन्द्रकला मरकाम से पूछताछ की गई। पूछताछ में महिला ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उसने बताया कि घर में कोई नहीं होने का लाभ उठाकर उसने आलमारी की चाबी निकालकर लॉकर से जेवरात चोरी किए और अपने घर में छिपाकर रख दिए। आरोपी के कब्जे से दो नग सोने के झुमके, एक सोने का मंगलसूत्र, दो सोने के दाने, दो सोने के लॉकेट और एक जोड़ी चांदी की पायल बरामद की गई। बरामद जेवरातों की कुल कीमत एक लाख 63 हजार 350 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपित चन्द्रकला मरकाम को गिरफ्तार कर कार्रवाई उपरांत आज न्यायिक हिरासत में रवाना किया गया।

### अंबिकापुर : किराए के मकान से 38 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में अवैध आबकारी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उदयपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने भंडारकछार (भंडारगांव) में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने वाले एक आरोपित को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से करीब 38 लीटर अवैध अंग्रेजी व देसी शराब जब्त की है, जिसकी कुल कीमत 26,740 रुपये आंकी गई है। आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे रविवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 6 जून को उदयपुर थाना की पुलिस टीम क्षेत्र में पेट्रोलिंग और ग्राम-भ्रमण पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि भंडारगांव में अभिषेक यादव नामक व्यक्ति अपने किराए के मकान के पास अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर मौजूद संदेही से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अभिषेक यादव (24 वर्ष), मूल निवासी रोपाखार (कमलेश्वरपुर) और वर्तमान निवासी भंडारगांव (उदयपुर) बताया।जब पुलिस ने उससे शराब की बिक्री के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपित की निशानदेही पर उसके घर के भीतर से खाकी रंग के तीन अलग-अलग कार्टून बरामद किए गए। इन कार्टूनों में गोल्डन गोवा, रॉयल चैलेंजर, रॉयल स्टैग, आईबी, मैकडॉवल, मैजिक मोमेंट्स वोदका, सिम्बा बियर और देसी मसाला सहित कुल 38 लीटर अवैध शराब भरी हुई थी।

### आपसी विवाद में युवक को चाकू मारे, हाथ में 7 टांके आए

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के दलौदा कस्बे में शनिवार रात बीड़ी को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में 23 वर्षीय विजय नाथ घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार, कुमारवाड़ा निवासी विजय नाथ (23) शनिवार रात दलौदा कृषि उपज मंडी रोड स्थित एक चाय की दुकान पर चाय पीने गया था। इसी दौरान सिराज नामक व्यक्ति वहां पहुंचा और विजय से बीड़ी मांगने लगा। परिजनों के मुताबिक, विजय द्वारा बीड़ी देने से मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर सिराज ने विजय पर चाकू से हमला कर दिया।

### पुलिस कांस्टेबल से मारपीट का आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नाहन।** सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस कांस्टेबल के साथ बीच सड़क पर गाली-गलौज, मारपीट और उसका बैग छीनने के मामले में गिरफ्तार आरोपी फरमान खान को अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अदालत के आदेश के बाद आरोपी को नाहन स्थित केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है।
पुलिस के अनुसार आरोपी को पहले दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान उससे घटना के संबंध में पूछताछ की गई। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को उसे दोबारा अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए।
यह मामला 3 जून का है। पुलिस के मुताबिक छठी भारतीय आरक्षित वाहिनी (आईआरबीएन) धौलाकुआं में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल लंबी छुट्टी लेकर अपने घर जा रहा था।
इसी दौरान पांवटा साहिब के गोंदपुर क्षेत्र में आरोपी ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने पहले पुलिस जवान के साथ गाली-गलौज की और फिर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसने जवान की स्कूटी से उसका बैग भी छीन लिया और मौके से फरार हो गया।
घटना के दौरान मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी वारदात का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया था। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।
मामले की पुष्टि करते हुए जिला सिरमौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि आरोपी को पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

# बैटरी चोर गैंग का भंडाफोड़, कबाड़ी समेत चार गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अदलहाट पुलिस ने वाहनों और बैटरियों की चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कबाड़ व्यवसायी समेत चार शातिर आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक पिकअप, 24 बैटरियां और चोरी की वारदातों में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं।
क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने बताया कि हाल के दिनों में अदलहाट क्षेत्र में खड़े वाहनों और उनकी बैटरियों की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। चार मई को नेवादा




स्थित भूसा गोदाम के बाहर खड़ी एक पिकअप चोरी हो गई थी, जबकि 3 जून को वाराणसी निवासी एक व्यक्ति की गैरेज में खड़ी गाड़ी से दो बैटरियां चोरी कर ली गई थीं। इन घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर खुलासे के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान जुटाए गए भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने रविवार को पचगेड़ा पुलिया के पास छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में बसंत बिंद, दीपक बिंद, महेश बिंद और कबाड़ व्यवसायी अजय कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं।
गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से चोरी की पिकअप और एक बैटरी बरामद की गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने अहरौरा स्थित कबाड़ की दुकान से 23 अन्य चोरी की बैटरियां भी बरामद कर लीं। इस तरह कुल 24 बैटरियां पुलिस के हाथ लगी हैं।
पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे सुनसान स्थानों पर खड़े वाहनों और उनकी बैटरियों को निशाना बनाते थे। चोरी का सामान कबाड़ की दुकान पर बेचकर आपस में रकम बांट लेते थे। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।
थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सेठ के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय कुमार सिंह, अभयनारायण सिंह, हंसलाल और अरुण कुमार यादव की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# घरघोड़ा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, बाइक चोरी मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा

**रायगढ।** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम झरियापाली में हुई बाइक चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।
6 जून 2026 को प्रार्थी रूपचंद राठिया पिता चमरा राठिया, उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम झरियापाली द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 20 मई 2026 की रात उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक उऋ-13-अङ-6887 को घर के आंगन में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठने पर मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन चोरी कर ले जाने की सूचना पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 189/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।
थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू द्वारा सक्रिय मुखबिर तंत्र के माध्यम से जानकारी एकत्रित की गई। विवेचना के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि चोरी की मोटरसाइकिल लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम झगरपुर निवासी कार्तिक राठिया के पास है।
सूचना मिलते ही घरघोड़ा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम झरियापाली चौक के पास घेराबंदी कर संदेही कार्तिक राठिया को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया।

# पलवल में पहली बार 'साइकिल ऑन संडे' : खेल मंत्री ने दिया 'फिट इंडिया-फिट हरियाणा' का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के फिट हरियाणा विजन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रविवार को पलवल में पहली बार साइकिल ऑन संडे (वर्ल्ड साइकिल डे स्पेशल) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए युवाओं, खिलाडि?ों और आम नागरिकों के साथ साइकिल यात्रा में भाग लिया तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक ऋतु ने खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर आयुष विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित जागरूकता स्टॉल लगाई गईं। वन विभाग द्वारा आमजन को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने इन स्टॉलों पर जाकर अवलोकन किया तथा आमजन को दी जा रही सेवा-सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

युवाओं को खेल एवं फिटनेस से जोडने का सशक्त माध्यम बनी साइकिल यात्रा

सेक्टर-2 स्थित मैदान से प्रारंभ हुई साइक्लोथॉन को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कार्यकारी




निदेशक ऋतु ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइक्लोथॉन हुडा सेक्टर-2 मैदान से शुरू होकर क्लॉक टॉवर, कमेटी चौक, मीनार गेट और आगरा चौक से होते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में युवाओं, खिलाडि?ों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइकिल यात्रा के दौरान फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान योगा, राहगीरी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने तनावमुक्त वातावरण में विभिन्न मनोरंजक एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को जन आंदोलन का स्वरूप देना रहा।

प्रतिदिन एक घंटा शरीर के लिए निकालें, स्वस्थ रहेंगे तो हर क्षेत्र में सफल होंगे ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार देश और प्रदेश के युवाओं को फिट रहने का संदेश दे रहे हैं। आज विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक साइकिल यात्रा नहीं बल्कि स्वस्थ भारत और स्वस्थ हरियाणा के निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग, व्यायाम और खेल गतिविधियां व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अपने शरीर के लिए अवश्य निकालें। चाहे साइकिल चलाएं, व्यायाम करें या किसी खेल गतिविधि में भाग लें, लेकिन स्वयं को सक्रिय अवश्य रखें।

श्री गौतम ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ परिवार का निर्माण करता है और स्वस्थ परिवार मिलकर स्वस्थ समाज तथा सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। यदि युवा पीढ़ी फिट और अनुशासित होगी तो देश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया और फिट हरियाणा अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला सामाजिक आंदोलन है।

## न्यूज फ्लैश

### संस्कृत भारती ने निवर्तमान डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ को दी भावभीनी विदाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** संस्कृत भारती की जिला इकाई पलवल द्वारा निवर्तमान उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ को भावभीनी विदाई दी गई। जिला अध्यक्ष कुबेर दत्त गौतम के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने कैंप कार्यालय पहुंचकर डॉ. वशिष्ठ तथा उनकी पत्नी अन्नू वशिष्ठ का शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुबेर दत्त गौतम ने कहा कि डॉ. हरीश वशिष्ठ के कार्यकाल में जिले में अनेक प्रशासनिक एवं विकास कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हुए, जिससे आमजन को लाभ मिला। उन्होंने डॉ. वशिष्ठ के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मान समारोह में डॉ. केशव देव शर्मा, कैप्टन गुरुदयाल शर्मा, आचार्य तेज सिंह शास्त्री, सतपाल सिंह और सुरेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. हरीश वशिष्ठ ने संस्कृत भारती के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वह भविष्य में भी यथासंभव सहयोग करते रहेंगे।

### गुरुग्राम में पत्नी व बेटे का हत्यारोपी सिक्योरिटी ऑफिसर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-5 क्षेत्र के अशोक विहार फेज-3 में घरेलू विवाद के चलते सिक्योरिटी ऑफिसर ने अपनी प्रिंसिपल पत्नी और जवान बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।जानकारी के अनुसार सेक्टर-5 थाना पुलिस को शनिवार की देर रात सूचना मिली कि अशोक विहार फेज-3 में एक व्यक्ति ने पत्नी और बेटे को गोली मार दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पड़ोसियों द्वारा घायलों को अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का फिंगरप्रिंट और सीन ऑफ क्राइम टीम से निरीक्षण कराया। वारदात में प्रयोग की गई लाइसेंसी रिवॉल्वर व 14 खाली कारतूस को कब्जे में लिया गया। वहीं मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस को दी शिकायत में सिक्योरिटी ऑफिसर की बेटी ने बताया कि वह अपने मायके में आई हुई थी। शनिवार की रात करीब 11 बजे उसके पिता अनिल तंवर (56) और मां आशा (52) घर की तीसरी मंजिल पर सोने चले गए थे। कुछ देर बाद माता-पिता के झगड? की आवाज आई। वह तीसरी मंजिल पर पहुंची तो पिता मां के साथ मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान भाई प्रशांत (27) भी आ गया और पिता को समझाने लगा। तभी उसके पिता अनिल अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर ले आया और आशा व प्रशांत पर फायरिंग कर दी। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी एक सिक्योरिटी कंपनी में सिक्योरिटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। आशा रानी एक निजी स्कूल चलाती थी। उसी स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थी।

### कुरुक्षेत्र में ट्राले की चपेट में आने से मोहाली के दो सफाईकर्मियों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद-पिपली जीटी रोड पर शनिवार देर रात 11 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में मोहाली नगर निगम के दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई है। हादसा गांव त्यौड़ा थेह के पास उस समय हुआ जब एक अनियंत्रित ट्राले ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। मृतकों की पहचान चंडीगढ़ स्थित सेक्टर 56 निवासी 26 वर्षीय विशाल और 28 वर्षीय नीरज के रूप में हुई है। दोनों ही युवक मोहाली नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थे। बहन से मिलने के लिए मोटरसाइकिल पर निकला था विशाल

## ऊर्जा संकट से बचने के लिए सभी एकजुट हों : सतीश चावला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान-जिला करनाल की एक बैठक अहिल्या बाई होल्कर कौशल विकास केंद्र, सेक्टर-14, करनाल में संपन्न हुई। इस बैठक में अध्यक्षता स्वदेशी जागरण मंच की केंद्रीय टोली सदस्य एवं स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश चावला ने की।

उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच के पट्टी कल्याणा (पानीपत) में 13-14 जून को आयोजित होने वाले प्रान्त विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग एवं संघ शिक्षा वर्ग के बारे विस्तार से जानकारी दी एवं वर्तमान उर्जा संकट के दौर में हर



नागरिक को उर्जा बचत व स्वदेशी अपनाने की अपील की, ताकि देश के विदेशी मुद्रा भण्डार पर अनावश्यक दबाव न आए।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत प्रचार प्रमुख दुलीचंद रमन ने संगठन में नए कार्यकताओं के दायित्व की घोषणा की तथा वर्तमान में स्वदेशी की बढती प्रासिंगता के बारे में विस्तार से बताया। इसमें जीएस मनचंदा को जिला संरक्षक, देवेंद्र अरोड़ा, को जिला समन्वयक एवं स्वावलंबन केंद्र प्रमुख, अशोक चौधरी, को जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच अशोक दुआ को जिला सहसंयोजक सुदेश ठुकराल को जिला सह समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान सुरेंद्र गोयल को, जिला मार्गदर्शक, स्वावलंबी भारत अभियान भजनलाल जिला प्रशिक्षक सतीश कुकरेजा जिला संपर्क प्रमुख सरोज चावला को जिला विचार विभाग प्रमुख शैलेंद्र जैन को जिला प्रचार प्रमुख डॉ घनश्याम शर्मा को जिला वरिष्ठ नागरिक आयाम प्रमुख मीनू चावला को महिला आयाम प्रमुख प्रीति कुकरेजा को जिला सह महिला प्रमुख प्रदीप को जिला युवा आयाम एवं सोशल मीडिया आयाम प्रमुख तथा प्रेम ढींगरा, जिला मेला प्रमुख, प्रवेश अग्रवाल जिला कौशल विकास आयाम प्रमुख, केके पाहवा को सह जिला कौशल विकास आयाम प्रमुख कुणाल आर्यावर्ती , विकास महंत विजेंदर को टीम-11 सदस्य बनाया गया।

### पानीपत: ट्रैक्टर की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर पुलिस लाइन के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ रहे ट्रैक्टर से नीचे गिरने के कारण एक श्रमिक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनियंत्रित ट्रैक्टर का पिछला पहिया सीधे मजदूर के सिर के ऊपर से उतर गया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आरोपी ट्रैक्टर चालक वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। सेक्टर-29 थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर फरार ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर-29 थाना पुलिस को दी गई शिकायत में पानीपत की नूरवाला स्थित गीता कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसका पति ठेकेदार धर्मवीर के पास मजदूरी और बेलदारी का काम करता था। छह जून को ठेकेदार ने उसके पति धर्मवीर और ट्रैक्टर के ड्राइवर को एक साथ समालखा की तरफ ट्रैक्टर में ईंटें छोड़कर आने के लिए भेजा था। समालखा में ईंटें उतारने के बाद दोनों ट्रैक्टर पर सवार होकर वापस पानीपत की तरफ लौट रहे थे। पीड़ित महिला का आरोप है कि वापसी के दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैकर को बेहद तेज रफ्तार, गफलत और लापरवाही से चला रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर जीटी रोड पर पुलिस लाइन पानीपत से थोड़ा पहले पालीवाल फैक्ट्री के पास पहुंचा, तो ड्राइवर की लापरवाही के कारण ट्रैक्टर को एक जोरदार झटका लगा।

## राजनीति वाले खेल छोड़ दें, मैं राजनीति छोड़ वापस मैदान में लौट जाएंगी : विनेश

जींद। अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने कहा कि डिप्टी स्पीकर को अपने संवैधानिक पद की गरिमा के अनुसार बयानबाजी करनी चाहिए। किसी पर व्यक्तिगत कटाक्ष उनको शोभा नहीं देता। रविवार को फोगाट जुलाना के रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा ने कहा था, विनेश को अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए। इस पर विनेश ने कहा कि डिप्टी स्पीकर को अपने संवैधानिक पद की गरिमा और हैसियत के अनुसार ही



बयानबाजी करनी चाहिए, न कि किसी पर व्यक्तिगत तौर पर कटाक्ष करना चाहिए। भाजपा नेताओं द्वारा उन्हें खेल छोड़कर राजनीति संभालने की दी जा रही नसीहत पर विनेश ने कहा, भाजपा के लोग पहले खेल खराब करना छोड़ें। जिस दिन यह राजनीति वाले खेल में दखल देना बंद कर देंगे, वह राजनीति छोड़कर वापस खेल के मैदान में चली जाएंगी। जब राजनीति वाले खेल में आकर हमारा खेल खराब कर सकते हैं, तो हम खेल वाले भी राजनीति में आकर अपनी और आने वाली पीढ़ी की जिंदगी के फैसले खुद करेंगे। विनेश फोगाट ने कहा, बहुत सारे लोग चाहते हैं कि मैं इस्तीफा दे दूं, लेकिन मैं इस्तीफा नहीं दूंगी। हम मैदान छोड़कर भागने वालों में से नहीं हैं। चाहे कुश्ती का मैट हो या राजनीति का मैदान, हम डटकर लड़ाई लड़ेंगे। अपने लोगों, अपने क्षेत्र और अपने देश के हक के लिए आखिरी सांस तक खड़ी रहूंगी। कुश्ती और राजनीति में जातिवाद के हावी होने के सवाल पर विनेश ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एक एथलीट न तो किसी जाति का होता है और न ही किसी विशेष राज्य का। खिलाड़ी जब भी मैदान में उतरता है, तो वह सिर्फ अपने देश और तिरंगे के गौरव के लिए लड़ता है। मीडिया और समाज को भी ऐसी नकारात्मक चीजों को नजरअंदाज करना चाहिए ताकि खिलाड़ियों को खेल भावना से ही देखा जाए।

## मुंबई क्राइम ब्रांच कर्मचारी बनकर 30 लाख की ठगी, खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** मुंबई क्राइम ब्रांच कर्मचारी बनकर 30 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान दिल्ली निवासी आयुष (23) के रुप में हुई। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनआईटी फरीदाबाद में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 16 जून 2025 को उसके पास एक कॉल आया, जिसने अपने आप को कथित मुम्बई क्राईम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया और कहा कि



शिकायतकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके बाद एक अन्य नंबर से पुलिस ऑफिसर की विडियो कॉल आई और जिसने शिकायतकर्ता को जेट एयरवेज मनी लॉन्ड्रिंग केस मे आरोपी बताया तथा कहां कि हॉउस अरेस्ट किया गया है व डिजीटल अरेस्ट के ऑर्डर उसके पास भेज देंगे। इस केस में 6 करोड 80 लाख रुपये देने पडेंगे व उसके केस की प्रोसीडिंग्स व्हाट्अप के माध्यम से विडियो कॉल पर ही की जायेगी। जहां पर सीनियर ऑफिसर और जज साहब बात करेंगे और इस बारे में न तो किसी को बताना है और न ही घर से बाहर जाना है। इसके बाद उन्होंने केस के निपटारे के लिए 50 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने आरटीजीएस के जरिए ठगों द्वारा बताए खाता में 30 लाख 20 हजार रुपये भेज दिए। बाद में उसे ठगी का पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत दी और पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### गुरुग्राम के अशोक विहार में डबल मर्डर से सनसनी

**गुरुग्राम।** अशोक विहार क्षेत्र में रविवार तड़के हुए दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। आरोप है कि 50 वर्षीय अनिल ने अपनी पत्नी और बेटे को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना आधी रात के बाद की बताई जा रही है।

**क्या है पूरा मामला?**

जानकारी के अनुसार, अनिल सिक्योरिटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। उसकी 45 वर्षीय पत्नी आशा एक निजी स्कूल में प्रिंसिपल थीं, जबकि 25 वर्षीय बेटा प्रशांत परिवार के साथ रहता था। गोली लगने से आशा और प्रशांत की मौके पर मौत हो गई।

## सीसीटीवी इंस्टॉल करते युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर के व्यासपुर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाते समय हुए एक हादसे में युवक की जान चली गई। कार्य के दौरान वह निकट से गुजर रही उच्च वोल्टेज बिजली लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रादौर क्षेत्र के गांव धौलरा निवासी शिव कुमार के रूप में हुई है। वह निजी तौर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और तकनीकी इंस्टॉलेशन का कार्य करता था। बताया गया है कि शिव कुमार अपने तीन सहयोगियों के साथ गणपति कॉलेज के निकट स्थित एक दुकान पर सीसीटीवी सिस्टम लगाने पहुंचा था।



कार्य के तहत मुख्य दुकान के साथ-साथ समीप स्थित एक अन्य परिसर में भी कैमरे लगाए जाने थे। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इंस्टॉलेशन के दौरान एक कर्मचारी नीचे उपकरण फिट कर रहा था, जबकि शिव कुमार अपने एक साथी के साथ भवन की छत पर वायरिंग का कार्य संभाल रहा था। इसी दौरान कैमरे की केबल बिछाते समय वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के अत्यधिक निकट पहुंच गया और करंट की चपेट में आ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और साथियों ने तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकीय जांच में उसे मृत घोषित कर दिया गया। शिव कुमार अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## गौवंश (खागड़) की याद में युवाओं ने रच दी मिसाल, लाखों रुपये खर्च कर बनाई

### ललहेड़ी के युवाओं ने माना नंदी बैल भगवान शिव के भक्त, द्वारपाल थे , शिव मंदिर में शिवलिंग के सामने नंदी की प्रतिमा स्थापित होती है

**गौवंश (खागड़)** की याद में युवाओं द्वारा बनाई गई समाधि । गन्नौर। जहां आज के दौर में लोग अपने स्वार्थों में व्यस्त हैं, वहीं गांव ललहेड़ी के युवाओं ने गौ सेवा और जीवों के प्रति संवेदनशीलता की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है। गांव के गौवंश (खागड़) को यादगार बनाने के लिए युवाओं ने सरपंच मेहर सिंह मलिक के मार्गदर्शन में भव्य समाधि का निर्माण कराया और आकर्षक सफेद पत्थर की प्रतिमा स्थापित करवाई। युवाओं की टीम ने गोवंश की स्मृति में करीब 43 हजार रुपये की लागत से सुंदर



और आकर्षक सफेद पत्थर की तस्वीर बनवाकर समाधि स्थल पर स्थापित करवाई। इसके अलावा समाधि स्थल के निर्माण और सौंदर्यीकरण पर भी हजारों रुपये खर्च किए गए। श्रद्धांजलि स्वरूप विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । युवाओं ने माना कि हिंदू धर्म में नंदी बैल भगवान शिव के परम भक्त और उनके द्वारपाल भी माने जाते हैं। लगभग हर शिव मंदिर में शिवलिंग के सामने नंदी की प्रतिमा स्थापित होती है। श्रद्धालु नंदी के कान में अपनी मनोकामना कहकर भगवान शिव तक पहुंचाने की मान्यता रखते हैं।

विशाल भंडारे में गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व समाधि स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विशाल हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। हवन में गांव के सरपंच मेहर सिंह मलिक, पूर्व प्रधान भानु, कूका तथा आयोजन का नेतृत्व कर रही युवाओं की टीम के सदस्य संजय मलिक उर्फ संजू, सचिन, अजय, विकास, विनोद, ढीला, संजू और अन्य ग्रामीणों ने आहुति डालकर गोवंश की आत्मा की शांति की कामना की। सरपंच मेहर सिंह मलिक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौवंश को विशेष स्थान प्राप्त है। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि गांव के युवाओं ने जिस समर्पण और भावना के साथ यह कार्य किया है, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है।

## हिसार : कोयले की बोरियों में छुपाकर ले जाई जा रही डोडा पोस्त की खेप बरामद

**हिसार।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल बड़ी सफलता हासिल करते हुए कोयले की बोरियों के बीच छुपाकर ले जाई जा रही 550 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त की भारी खेप बरामद की है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। एएनसी प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह गोदारा ने रविवार को बताया कि वे स्वंय अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान आदमपुर क्षेत्र के गंव मोहब्बतपुर बस अड्डा के पास थे। इसी दौरान सूचना मिली कि भादरा की तरफ से एक गाड़ी आदमपुर की तरफ आएगी, जिसमें कोयले की बोरियां भरी है औश्र काले रंग का तिरपाल बंधा हुआ है। गाड़ी में कोयले की बोरियों के अलावा काफी मात्रा में चूरा पोस्त भी बीच में छुपाकर रखा गया है। सूचना के अनुसार यह गाड़ी भादरा से आदमपुर होते हुए भट्टू कलां जाएगी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होने अपनी टीम को सूचित करके मोडाखेड़ा नाका पर पहुंचकर नाकाबंदी शुरू की। थोडी देर में एक गाड़ी भादरा की तरफ से आती हुई दिखाई दी। गाड़ी को रूकवाकर चालक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम मेहूवाला निवासी रोहताश बताया।एएनसी प्रभारी इन्द्र सिंह गोदारा ने बताया कि ट्रक की तलाशी ली गई तो कोयले की बोरियों के बीच छुपाकर रखे गए 28 काले रंग के कट्टों में कुल 550 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर ट्रक को भी जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि यह खेप राजस्थान से लाई गई थी तथा इस अवैध कारोबार में अन्य व्यक्तियों की भी संलिप्तता है। पुलिस ने आदमपुर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है तथा मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# भागवत कथा श्रवण से मिटते हैं दुःख-दर्द, संसार का होता है कल्याणः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का पुण्य-प्रताप ऐसा है कि इसे सुनने मात्र से ही मनुष्य के दुःख-दर्द दूर हो जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन जिले के ग्राम टंकारिया पंथ में एक से सात जून तक हुई श्रीमद्भागवत कथा के समापन समारोह को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सहभागिता कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भागवत कथा श्रवण से कष्टों का शमन होता है और पूरे संसार का कल्याण होता है। इस कथा का श्रवण मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति में भी सहायक होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऐसे धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है। ये समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं और सबके जीवन में सद्भाव एवं आत्मिक शांति का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को धर्म के मर्म एवं नैतिकता का भान कराती है। यह मनुष्य को उसके कर्तव्यों और मानव सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला दिव्य ज्ञानामृत है। भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में भागवत गीता कथा एक पवित्र माध्यम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में नाना प्रकार के कष्ट थे, परंतु उन्होंने अपने कष्टों से इतर कुशासन (कंस)



का अंत किया। वे सदैव धर्म मार्ग पर बने रहे। उन्होंने समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं से कहा कि वे गीता के संदेश को अपने जीवन में भी अपनाएं।

**जहां-जहां कृष्ण लीलाएं हुईं, वहां-वहां भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बना रही सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण ने लीलाएं कीं, वहां-वहां हमारी सरकार भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि उज्जैन जिले के नारायणा गांव और धार जिले के अंका-झंका माताजी परिसर में भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाया जायेगा। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम टंकारिया पंथ से लेपड़ तक एवं इसी गांव से रानापुर फाटक तक पक्की सड़क बनाई जायेगी। यहां धर्मशाला में शेड निर्माण के लिए भी राशि और गौशाला निर्माण के लिए अनुदान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली राखी में भी हमारी सरकार लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में राशि भेजेगी, बुजुर्गों से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को हमारी सरकार तीर्थ यात्रा करायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कथा आयोजन को समाज में आध्यात्मिक जागृति और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। सात दिवसीय भागवत कथा के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों, संतजनों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार हुआ है।

ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों को सुदृढ़ करने में मददगार होते हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों के उत्थान और सशक्तीकरण की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश की लाखों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनकर उभरी है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित यह योजना जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक बालिकाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने का कार्य कर रही है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक सी. इन्दुमती ने बताया कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक 27,37,703 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं, 674.15 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। यह उपलब्धि



न केवल योजना की व्यापक पहुंच को दशार्ती है, बल्कि बेटी के कल्याण के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है।

**डीबीटी और डिजिटल व्यवस्था बनी पारदर्शिता की पहचान**

योगी सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन में तकनीक का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया है। योजना का संचालन पूरी तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे आवेदन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनी है। वहीं पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी है और अनियमितताओं की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया है। समयबद्ध भुगतान और पारदर्शिता ने योजना के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत किया है।

**सुमंगला योजना**

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश की लाखों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनकर उभरी है**

**जन्म से शिक्षा तक बेटियों की आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार**

साल 2019 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बालिकाओं को जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

योजना के अंतर्गत छह चरणों में कुल 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। जिसमें बच्ची के जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर 2,000 रुपये, कक्षा-1 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा-6 में प्रवेश पर 3,000 रुपये और कक्षा-9 में प्रवेश पर 5,000 रुपये मिलते हैं, साथ ही इंटरमीडिएट/ हाईस्कूल उत्तीर्ण कर डिग्री/ डिप्लोमा में एडमिशन लेने पर 7,000 रुपये मिलते हैं। इस तरह यह सहायता न केवल बालिकाओं के शिक्षा को प्रोत्साहित करती है बल्कि परिवारों पर पढ़ने वाले आर्थिक बोझ को भी कम करती है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक सी. इन्दुमती ने बताया कि सम्बधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी पात्र बालिका योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए सभी जिलों को समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी अहम भूमिका निभा रही है।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया रामजस हॉस्पिटल का उद्घाटन

**मल्टीस्पेशियलिटी**

**यह मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल करीब नौ लाख आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** परकोटा और ब्रह्मपुरी क्षेत्र के निवासियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रविवार को बड़ा कदम उठाया गया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गोविंद नगर वेस्ट स्थित रामजस हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। 100 बेड क्षमता वाला यह मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल करीब नौ लाख आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। इस समारोह में हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और



किफायती स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं तथा इस अस्पताल से स्थानीय लोगों को बेहतर उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक आचार्य ने कहा कि अस्पताल का नया स्वरूप क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। अस्पताल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. रतन विश्नोई ने बताया कि एनएबीएच गाइडलाइन के अनुरूप विकसित इस चार मंजिला अस्पताल में कैशलेस इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध है। यहां ऑर्थोपेडिक्स, जनरल सर्जरी, गायनी, बाल रोग, कार्डियोलॉजी, न्यूरो, यूरोलॉजी, ईएनटी, डेंटल, नेत्र एवं त्वचा रोग सहित 19 से अधिक चिकित्सा विभाग संचालित होंगे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 5 बेड का ट्राइएज, 22 बेड का आईसीयू-एचडीयू, 4 बेड का एनआईसीयू, तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर तथा आधुनिक लैप्रोस्कोपी, सी-आर्म और अल्ट्रासाउंड मशीनों सहित अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं। मरीजों के लिए जनरल वार्ड, सेमी डीलक्स और डीलक्स कक्षों के साथ आधुनिक फिजियोथेरेपी यूनिट भी उपलब्ध है।

# पिछड़ा वर्ग समाज के हितों की रक्षा के लिए आयोग प्रतिबद्ध : साध्वी निरंजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रविवार को राज्य अतिथि गृह (पहुना) में विभिन्न पिछड़ा वर्ग समाजों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने समाज के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुना। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाजों के सर्वांगीण विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई और समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान शिक्षा, रोजगार, सामाजिक उत्थान तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। समाज के

**संवाद**

**प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुना**

प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और अपेक्षाओं से आयोग की अध्यक्ष को अवगत कराया। साध्वी निरंजन ज्योति ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विषयों पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, उपाध्यक्ष चंद्रकांती वर्मा, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा तथा लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अच्छी शिक्षा और नैतिक मूल्यों का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता होः राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीकानेर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अच्छी शिक्षा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष रूप से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों में नैतिकता और सहनशीलता के गुण विकसित करने पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के प्रकाश पुंज होते है। ज्ञान का पूरे समाज में प्रसार यहीं से होता है। इसलिए उन्हें उत्कृष्ट बनाने लिए सभी मिलकर कार्य करें। राज्यपाल बागडे रविवार को



लोकभवन से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के 23 वें स्थापना दिवस पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी रामसुखदास जी महाराज का स्मरण करते हुए कहा कि वह विरले संत थे। उनके नाम पर विश्वविद्यालय में भवन निर्माण अच्छी पहल है। वह ऐसे संत थे जो प्रचार प्रसार से दूर रहते थे। उन्होंने कभी अपनी फोटो तक नहीं खिंचवाई। अपने चरण छूने से भी वह मना करते थे। ऐसे आदर्श संतों से प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे ही एक महापुरुष गीता प्रेस के जरिए देश में संस्कृति और संस्कारों के प्रसार की अभूतपूर्व भूमिका निभाने वाले हनुमान प्रसाद

**बौद्धिक क्षमता**

**विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष रूप से कार्य करने का आह्वान किया**

पोद्दार जी थे। गोविंद वल्लभ पंत जी उन्हें भारत रत्न पुरस्कार देना चाहते थे और परन्तु उन्होंने लेने से मना कर दिया। बागडे ने विश्वविद्यालय भवनों का नाम संत, महात्माओं के नाम पर किए जाने की सराहना की परंतु यह भी कहा कि जिन महापुरुषों, संतों के नाम पर भवनों के नाम रखे गये हैं, उनके बारे में संक्षिप्त और सार्थक परिचय पुस्तिका भी प्रकाशित हो ताकि नई पीढ़ी को उनके बारे में निरंतर जानकारी मिलती रहे। उन्होंने कहा कि बीकानेर में महाराजा गंगासिंह जी के समय खेजड़ी को काटने पर रोक का कानून बना था। राज्य सरकार ने भी खेजड़ी संरक्षण के लिए कानून बनाया है। लोकभवन स्तर पर पिछले वर्ष सर्वपल्ली राधाकृष्ण आयुर्वेद विश्वविद्यालय में 300 से अधिक खेजड़ी के पेड़ लगाए गए। हमारा प्रयास है कि खेजड़ी का एक ऐसा पार्क विकसित किया जाए।

# यामाहा का एक्सप्लोर इंडिया ऑन एक्सएसआर अभियान दिल्ली पहुँचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) प्राइवेट लिमिटेड ने आज अपने अखिल भारतीय एक्सप्लोर इंडिया ऑन एक्सएसआर अभियान के दिल्ली एनसीआर चरण की घोषणा की। 2 जून 2026 को श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर से शुरू होकर, राइडर्स ने अमृतसर, अटारी और लुधियाना जैसे प्रमुख गंतव्यों को तलाशते हुए लगभग 1,000 किलोमीटर की दूरी सफलतापूर्वक तय कर ली है, और वे कन्याकुमारी की ओर अपनी 21 दिनों की, लगभग 6,000 किलोमीटर की यात्रा जारी रख रहे हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक की एक प्रतीकात्मक यात्रा के रूप में तैयार की गई इस पहल का उद्देश्य देश भर के राइडर्स को एक साथ लाना और भारत के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य का जश्न मनाना है। रोमांच की भावना को अपनाने वाले उत्साही राइडर्स इस यात्रा पर निकले हैं और यामाहा की मॉडर्न-रेट्रो स्पोर्ट एक्सएसआर 155 मोटरसाइकिल इस सफर में उनके साथ है, जो सदाबहार डिजाइन के साथ आधुनिक इंजीनियरिंग को सहजता से जोड़ती है। यात्रा के दिल्ली एनसीआर चरण के हिस्से के रूप में, यामाहा ने एक विशेष एक्सएसआर 'कैफे राइड' और राइडर मीट-अप का आयोजन किया।

# राजनाथ सिंह से विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने की भेंट

**स्थापना दिवस**

**भाजपा पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्रीय एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से उनके लखनऊ प्रवास के दौरान क्षेत्रवासी, विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, चिकित्सकीय एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों, जनप्रतिनिधियों



तथा भाजपा पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्रीय एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान साथ में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश पटेल,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सुरेश तिवारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र तिवारी, गंगाराम अंबेडकर, डॉक्टर प्रतिनिधिमंडल की ओर से डॉ. नकुल सिन्हा एवं डॉ. मोहम्मद खालिद, उत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र मोहन भट्ट, बुद्धेश्वर विकास महासभा लखनऊ के प्रतिनिधि मंडल के साथ अजय त्रिपाठी 'मुन्ना', पीजीआई चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल अमित गुप्ता, सरगम अपार्टमेंट रेजिडेंट्स संगठन के अनुरोध राय, राजेश सिंह तथा ब्रह्म परिषद समाज के अध्यक्ष एस.पी. अवस्थी सहित विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने अपने सुझाव एवं विचार रक्षा मंत्री के समक्ष रखे।

इसके अतिरिक्त प्रमुख उद्यमियों, क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भी रक्षा मंत्री से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले भूपेश बघेल, राज्यसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची।** राज्यसभा चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को महत्वपूर्ण राजनीतिक गतिविधि देखने को मिली। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान आगामी राज्यसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री आवास में हुई इस बैठक में गठबंधन की चुनावी रणनीति, सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीर मंथन हुआ। नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए संभावित चुनौतियों और अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया।



बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। नेताओं ने गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच तालमेल को और मजबूत बनाने तथा चुनावी प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप साझा रणनीति तैयार करने पर भी सहमति बनी। बैठक में चुनावी गणित, विधायकों के बीच समन्वय और संगठनात्मक तैयारियों जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। राज्यसभा चुनाव को लेकर

**राजनीतिक**

**चुनावी रणनीति, सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीर मंथन हुआ**

गठबंधन के भीतर एकजुटता बनाए रखने और सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी राज्यसभा चुनाव को देखते हुए यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण है। बैठक से यह संकेत मिला है कि गठबंधन के दल चुनावी तैयारियों को लेकर सक्रिय हैं और जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से रणनीतिक स्तर पर काम शुरू कर चुके हैं।-

# उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राजौरी में दुर्गम भूभाग और प्रतिकूल मौसम में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान तलाशी अभियान में सर्वोच्च बलिदान देने वाले लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपराज्यपाल ने एक 'पोस्ट' में कहा कि हमने अपने वीर सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देश उनके कर्तव्य के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का सदा ऋणी रहेगा। इस कठिन घड़ी में हम



शहीद के परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। राजौरी जिले की मंजाकोट तहसील के डोरी माल जंगल क्षेत्र में चल रहे तलाशी अभियान के दौरान शनिवार को अधिकारी बीरेश्वर गोस्वामी का निधन हो गया।

डोरी माल के जंगलों में पिछले कई दिनों से सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।